CMYK

तापमान अधिकतम :33°C न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 81,596.63 निफ्टी 24,813.45
सोना 98,250 चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, गुरुवार 22 मई 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 356 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 23 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## पिकलबॉल में हाथ आजमा रहे कोहली व अनुष्का

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# बानू मुश्ताक को मिला इंटरनेशनल बुकर प्राइज



**हार्ट लैंप यह सम्मान पाने वाली कन्नड़ भाषा की पहली पुस्तक, दीपा भष्ठी ने किया अंग्रेजी अनुवाद**

**नई दिल्ली/लंदन।** भारतीय लेखिका, वकील और एक्टिविस्ट बानू मुश्ताक ने अपनी किताब 'हार्ट लैंप' के लिए इंटरनेशनल बुकर प्राइज जीता है। हार्ट लैंप कन्नड़ भाषा में लिखी पहली किताब है, जिसे बुकर प्राइज मिला है।

दीपा भष्ठी ने इसे अंग्रेजी में ट्रांसलेट किया है। बुकर प्राइज के लिए हार्ट लैंप को दुनियाभर की छह किताबों में से चुना गया। यह अवॉर्ड पाने वाला पहला लघु कथा संग्रह (शॉर्ट स्टोरी कलेक्शन) है। दीपा भष्ठी इस किताब के लिए अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय ट्रांसलेटर हैं। बानू मुश्ताक और दीपा भष्ठी ने मंगलवार को लंदन के टेट मॉडर्न में हुए कार्यक्रम में अवॉर्ड रिसीव किया। दोनों को 50,000 पाउंड (52.95 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि भी मिली है, जो लेखक और ट्रांसलेटर के बीच बराबर-बराबर बांटी जाती है। बानू मुश्ताक ने हार्ट लैंप किताब में दक्षिण भारत में पितृ सत्तात्मक समाज में रहने वाली मुस्लिम महिलाओं की कठिनाइयों को मार्मिक ढंग से दर्शाया है। उन्होंने 1990 से 2023 के बीच, तीन दशकों के दौरान ऐसी 50 कहानियां लिखी थीं। दीपा भष्ठी ने इनमें से 12 कहानियों को चुनकर ट्रांसलेट किया। अवॉर्ड जीतने के बाद मुश्ताक ने कहा कि यह किताब का जन्म इस भरोसे से हुआ है कि कोई भी कहानी कभी छोटी नहीं होती। मानवीय -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत का सख्त एक्शन

# पाक उच्चायोग के अफसर को 24 घंटे में देश छोड़ने के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**भारत ने पाक अफसर को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किया**

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है।

भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है। पहलगाम हमले के बाद से भारत लगातार संदिग्ध पाकिस्तानी अधिकारियों को देश छोड़ने के आदेश जारी कर रहा है। पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को भारत ने बुधवार को इस संबंध में एक डिमार्शे (कूटनीति में दूसरे देश के खिलाफ उठाया गया कदम) जारी किया और उनसे उपरोक्त अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश से बाहर भेजने के लिए कहा गया है। इस संदर्भ में बुधवार को पाकिस्तान उच्चायोग के कार्यवाहक उच्चायुक्त को एक कड़ा आधिकारिक विरोध पत्र जारी किया गया। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि पाकिस्तान के कोई भी राजनयिक या अधिकारी भारत में अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न करें। बता दें कि पर्सोना नॉन ग्राटा किसी भी विदेशी राजनयिक को अवांछित घोषित करने की वह स्थिति होती है। जिसके तहत उसे देश छोड़ने का तुरंत आदेश दिया जाता है।

# छत्तीसगढ़ में 27 नक्सली ढेर

## मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली भी मारा गया, एक जवान शहीद

नारायणपुर, वार्ता

**छत्तीसगढ़ के** चार विभिन्न जिलों के सुरक्षा बलों के जवानों ने बुधवार को हुई मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को ढेर कर दिया और कई अन्य घायल हुए हैं। वहीं मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ रुपये का इनामी खूंखार नक्सली बसव राजू भी मुठभेड़ में मारा गया है। वहीं नक्सली कमांडर रुपेश और कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है।

मुठभेड़ के दौरान एक जवान भी शहीद हो गया और एक अन्य घायल हो गया है। इस मुठभेड़ में कई बड़े नक्सली लीडर या तो फंसे हुए हैं या फिर मारे गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के माड़ डिवीजन में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) नारायणपुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर और डीआरजी कोंडागांव के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग का भी प्रभार है, ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा -शेष पृष्ठ दो पर



### सरकार नक्सलवाद के खात्मे को प्रतिबद्ध : मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने माओवाद की त्रासदी को दूर करने और लोगों के लिए शांति तथा प्रगति का जीवन सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए छत्तीसगढ़ में एक मुठभेड़ में 27 नक्सलियों का खात्मा करने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की है। श्री मोदी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए हमें अपने बलों पर गर्व है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि: शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 27 खूंखार नक्सलियों के मारे जाने को नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा है कि सरकार अगले वर्ष 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बुधवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं।

## सोनिया व राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ने के आसार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में चौथी सुनवाई हुई। ईडी ने कोर्ट को बताया कि, पहली नजर में सोनिया और राहुल के खिलाफ केस बनता है। दोनों ने अपराध की आय से 142 करोड़ रुपये कमाए हैं। ईडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवम्बर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त नहीं कर ली। ईडी की तरफ से दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि, इस मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई होगी।

## जस्टिस वर्मा कैश कांड: एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** कैश मामले में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ये मामला प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के पास है। आप पहले जाकर उनसे गुहार लगाएं। फिर हमारे पास आएं। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। एफआईआर की मांग वाली याचिका एडवोकेट मैथ्यूज नेडुमपारा ने लगाई थी। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे।

# वक्फ कानून पर लगातार दूसरे दिन भी हुई सुनवाई

**वक्फ का इस्लाम में जिक्र, लेकिन इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं: केंद्र**

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई।

केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता, चाहे वो 'वक्फ बाय यूजर' के आधार पर ही क्यों न हो। एसजी मेहता के मुताबिक अगर कोई जमीन सरकारी है, तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह उसे वापस ले ले, भले ही उसे वक्फ घोषित कर दिया गया हो। किसी भी प्रभावित पक्ष ने अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया। किसी ने भी ये नहीं कहा कि संसद के पास इस कानून को पारित करने का अधिकार नहीं है। वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। जब तक यह साबित न हो जाए, बाकी तर्क विफल हो जाते हैं। वक्फ कानून -शेष पृष्ठ दो पर



## संक्षिप्त समाचार

### खड़गे-राहुल ने बुकर पुरस्कार जीतने पर दी बानो मुश्ताक को बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी सांसद शशि थरूर ने कन्नड़ लेखिका बानु मुश्ताक को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने पर बुधवार को प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि लेखिका ने देश तथा कन्नड़ भाषा का नाम रोशन किया है। खड़गे ने कहा कि भारत को बानू मुश्ताक पर बहुत गर्व है, जिन्होंने लघु कथा संकलन – 'हार्ट लैंप' के लिए प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली पहली कन्नड़ लेखिका बनकर इतिहास रच दिया है। यह उल्लेखनीय साहित्यिक उपलब्धि है, जिसने कन्नड़ और भारत दोनों को वैश्विक स्तर पर सम्मानित किया है।

### करंट लगने से चार मरे, तीन गंभीर

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के मरदह क्षेत्र में पूजन समारोह की तैयारी के दौरान करंट लगने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीपनार नरवर गांव निवासी सुरेन्द्र पंथी के यहां काशीदास पूजन के तैयारी के दौरान पांडाल बनाते समय हाई वोल्टेज लाइन से विद्युत तार से बांस के स्पर्श होने से सात लोग झुलस गये। सभी घायलों को मऊ स्थित फातिमा चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने छोटेलाल यादव (35), रविंद्र यादव (29), गोरख यादव (23) और अमन यादव (19) को मृत घोषित कर दिया। सभी मृतक पीपनार नरवर गांव के निवासी है।

### अपराध नियंत्रण पर भाजपा के सभी दावे झूठेः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और अपराध नियंत्रण के भाजपा सरकार के सभी दावे झूठे साबित हो रहे हैं। यादव ने बुधवार को एक बयान में कहा कि कानून व्यवस्था और अपराध को लेकर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं के साथ हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार की नाकामी से महिला अपराध में यूपी नंबर वन बन गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। गरीबों के साथ अन्याय, अत्याचार की घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। धरातल पर कोई कार्य नहीं हो रहा है।

### ऑपरेशन सिंदूरः जवानों के पराक्रम को किया सलाम

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को पुंछ जिले में सेना के जवानों के बीच पहुंच कर उनके शौर्य एवं पराक्रम को सलाम किया और कहा कि धर्म की जीत हुई है और अधर्म ने उनके हथियारों एवं पराक्रम के आगे घुटने टेक दिए हैं। सिन्हा ने लिखा, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना के वीर जवानों के अदम्य साहस व वीरता के लिए उन्हें सलाम। पुंछ में जवानों से बातचीत के दौरान मैंने उनकी अजेय शक्ति को याद किया, जिसने भारत के लिए निर्णायक जीत सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि धर्म की जीत हुई है और अधर्म ने आपके हथियारों एवं पराक्रम के आगे घुटने टेक दिए हैं।

# जय हिंद सभाओं में सरकार से पूछेंगे सवालः कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जवानों को करेंगे सलामः रोहित चौधरी

कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पार्टी 24 से 31 मई तक देश के कई स्थानों पर जय हिंद सभाएं आयोजित करेगी, जिनमें पहलगाम हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई के दौरान सेना की बहादुरी को सलाम करके खुफिया तंत्र की विफलता को लेकर सरकार से सवाल पूछे जाएंगे।

कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी और विंग कमांडर अनुमा आचार्य ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि 24 से 31 मई तक लोगों के बीच जाकर 'जय हिंद' सभाएं आयोजित की जाएंगी। यह सभाएं दो चरणों में आयोजित होगी, जिसके पहले चरण में 16 शहर चुने गए हैं, जहां जय हिंद' सभाएं की जाएंगी। इन सभाओं के जरिये सैनिकों की वीरता को नमन किया जाएगा। ये सभाएं राज्य और जिला स्तर पर होंगी, जिनमें हमारे सैनिकों की वीरता को नमन किया जाएगा। उन्होंने पहलगाम हमले को सुरक्षा की सबसे बड़ी विफलता और गृह मंत्रालय की नाक. ामी करार देते हुए कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि यह हमला कैसे हुआ और फिर भारत ने इसके खिलाफ कैसे 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि करीब एक महीने से देश काफी मुश्किल दौर से गुजर रहा है, इसलिए कांग्रेस ने यह निर्णय लिया है। इन सभाओं से संवाद स्थापित करके सरकार से सवाल पूछे जाएंगे कि पहलगांव में खुफिया तन्त्र विफल कैसे हुआ। अब तक आतंकवादी अब तक पकड़े क्यों नहीं गए और उन्हें पकड़ने के लिए सरकार क्या योजना बना रही है। सवाल है कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को अचानक क्यों रोका गया और अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कैसे दावा किया कि व्यापार के कारण उन्होंने संघर्ष विराम करवाया।

### मोदी ने सांसदों को विदेश जाने से पहले रोका हताशा में फिर किया शुरू : जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता के जोश में पहले परंपराओं को बंद करते रहे, लेकिन जब छवि के धूमिल होने के संकट से घिरे तो फिर सांसद प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने का सिलसिला शुरु कर दिया है। कांग्रेस ने कहा की विदेश में गहरे संपर्क स्थापित करने के लिए 1950 में ही सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजने का सिलसिला शुरू हो गया था, लेकिन मोदी ने सत्ता में आने के बाद जोश दिखाते हुए इस क्रम को बंद किया और अब हताशा में इस क्रम को फिर से शुरू करते हुए सांसदों को विदेश भेज रहे हैं। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि वर्ष 1950 के दशक से, विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों को हर साल अक्टूबर और नवंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में प्रतिनिधिमंडल के रूप में भेजा जाता था। मोदी ने 2014 से इस परंपरा को बंद कर दिया, लेकिन अब जब वे हताश हैं और उनकी छवि वैश्विक स्तर पर धूमिल हो गई है, तो उन्हें अचानक सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों के बारे में सोचना पड़ा।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश, ओले गिरे

नई दिल्ली, वार्ता



80 किमी की रफ्तार से हवा चलने से खम्भे और पेड़ उखड़े कई इलाकों की बिजली गुल

दिल्ली- एनसीआर में बुधवार की शाम करीब 7 बजे से अचानक मौसम बदल गया। देर रात तक तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है। कई इलाकों में 80 किमी की रफ्तार से हवा चलने से पेड़ उखड़ गए। बिजली के पोल भी गिर गए, जिसकी वजह से कई इलाकों में बिजली गुल गई। कुछ जगहों पर ओले गिरने की भी खबर है।

दिल्ली के अलावा पश्चिमी उप्र, मध्य प्रदेश समेत 30 राज्यों के कुछ इलाकों में आंधी-बारिश हो रही है। इनमें हरियाणा, असम, मेघालय, गोवा और कर्नाटक के समुद्री इलाके शामिल हैं। गोवा में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश जारी है। साथ ही 60 ाउची की रफ्तार से हवा चल रही है। बीते 24 घंटों में उत्तर गोवा के पेरनेम में 207 उउ से ज्यादा बारिश दर्ज हुई है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने दोनों जिलों उत्तर और दक्षिण गोवा में आज आरेंज अलर्ट जारी किया था, फिर दोपहर में इसे बढ़ाकर रेड अलर्ट में बदल दिया गया। राज्य सरकार ने वाटरफाल, जंगल और ट्रैकिंग स्पाट पर एंट्री बैन कर दी है।

विभाग ने गुरुवार के लिए बारिश का आरेंज अलर्ट और इसके बाद 27 मई तक यलो अलर्ट जारी किया है। इंडिगो एयरलाइन ने कहा, श्भारी बारिश के चलते आज गोवा की फ्लाइट्स प्रभावित हो सकती हैं। एयरपोर्ट जाने से पहले फ्लाइट का स्टेटस जरूर चेक करें। वहीं, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। हीट वेव और गर्मी से जुड़ी बीमा. रियों के लिए राजधानी लखनऊ के अस्पतालों में कोल्ड वार्ड बनाए गए हैं। हीट वेव मरीजों के लिए 20 बेड रिजर्व हैं, जिसमें 10 इमरजेंसी के लिए हैं। लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घर से न निकलने की सलाह दी गई है।

# छुट्टियों में वकील काम नहीं करना चाहतेः सीजेआई

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहाः जज वेकेशन में भी होते हैं, लेकिन पेंडिंग केसों के लिए न्यायपालिका पर ठीकरा फूटता है

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि वकील छुट्टियों के दौरान काम करना नहीं चाहते, लेकिन केसों के बढ़ते बोझ (बैकलॉग) के लिए जजों को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

दरअसल, सीजेआई गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जार्ज मसीह की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। तब एक वकील ने अपनी याचिका की सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद करने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि 26 मई से 13 जुलाई तक अदालत आंशिक रूप से काम करती रहेगी। इस दौरान हर हफ्ते 2 से 5 बेंच बैठेंगी। खास बात यह है कि खुद सीजेआई समेत सुप्रीम कोर्ट के पांच जज छुट्टियों में भी केसों की सुनवाई करेंगे, जबकि पहले ऐसा नहीं होता था। पहले केवल दो वैकेशन बेंच होती थीं और सीनियर जज छुट्टियों में कोर्ट नहीं आते थे। छुट्टियों में भी सीजेआई गवई भी कोर्ट आएंगे 26 मई से एक जून तक सीजेआई गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जेके माहेश्वरी मामलों की सुनवाई करेंगे। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों पर रजिस्ट्री बंद रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में 83 हजार केस पेंडिंग, अब तक की सबसे बड़ी संख्या देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट में 82,831 केस पेंडिंग हैं। यह अब तक पेंडिंग केसों की सबसे बड़ी संख्या है। अकेले 27,604 पेंडिंग केस पिछले एक साल के अंदर दर्ज हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में 2024 में 38,995 नए केस दर्ज किए गए।

## संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएंः सीएम

# सभी मंडलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



- निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही
- वर्तमान में 1680 बच्चों को आवासीय शिक्षा प्रदान की जा रही

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ अराजक तत्व सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और शिवविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गति. विधियों की ओर ले जाने की को. शिश कर रहे हैं। हमें छात्रों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के बाद ही उनकी अनुमति दी जाए।

बैठक में ये भी जानकारी दी गई कि अब तक प्रदेश में 15 लाख दिव्यांगजन यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें अधिकांश को यूनिक आईडी कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों' की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर की जाए, ताकि पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें। अधिक. ारियों ने बैठक में ये भी जानकारी दी कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11.04 लाख लाभार्थियों को 1300 करोड़ रुपए की पेंशन राशि वितरित की गई है, जबकि कुष्ठरोग पीड़ित लगभग 12 हजार व्यक्तियों को 3000 रुपए प्रतिमाह की दर से सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्यस्तरीय अभियान चलाकर ये पता लगाया जाए कि किन पात्र व्यक्तियों को अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है, साथ ही जो अपात्र लाभ ले रहे हैं, उन्हें भी चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पिछले वित्तीय वर्ष में 35,136 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, ब्रेल किट्स जैसे सहायक उपकरणों के लिए 28.93 करोड़ की सहायता दी गई है। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना के अंतर्गत 270 अत्यंत दिव्यांगजन को दो लाख रुपए तक की मशीनें उपलब्ध कराई गईं। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाभार्थियों तक पूरी तत्परता से पहुंचें, ये सुनिश्चित किया जाए। दिव्यांगजनों को राज्य परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में जानकारी दी गग्र कि बीते वित्तीय वर्ष में 31 लाख से अधिक दिव्यांगजनों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मान. सिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों और 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का निरीक्षण किया जाए। यहां अध्ययन कर रहे बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। इन विद्यालयों में शिक्षकों के खाली पदों को भरा जाए और जब तक रेगुलर नियुक्ति न हो तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि ये योजना तभी प्रभावी हो सकती है, जब नवजात स्तर से ही उपचार प्रारम्भ हो। उन्होंने निर्देश दिए कि हाल ही में योजना से लाभान्वित 214 बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का फालोअप करते हुए उनके परिवारों से संवाद स्थापित किया जाए।

### यूपी के मदरसों में अब मैथ, साइंस भी जरूरी

योगी सरकार के मंत्री दानिश ने दी जानकारी

**लखनऊ।** यूपी के मदरसों में अब बच्चे मैथ, साइंस और कम्प्यूटर की शिक्षा भी ग्रहण करेंगे। यह जानकारी योगी सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने दी। उन्होंने कहा कि मदरसे में पढ़ने वाला बच्चा दीन और इस्लाम की बेहतर तालीम के साथ अन्य चीज भी जाने इसको लेकर हमारी कोशिश है, दीनी तालीम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को भी हम उन्हें दें। इन तमाम विषयों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कुछ दिनों पहले बैठक ली। उन्होंने कहा कि बेहतर करिकुलम के साथ अब मदरसे की शिक्षा को हम डिजाइन करने जा रहे हैं। दानिश ने कहा कि मदरसे में एनसीईआरटी के कोर्स को जोड़ने जा रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि दीनी तालीम के साथ कहीं कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, पर उसके साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को भी जोड़ेंगे, स्पोर्ट्स एक्टिविटी को जोड़ेंगे। इसमें कंप्यूटर लैब, साइंस लैब डेवलप करेंगे। मदरसे में स्किल डेवलपमेंट सेंटर को बढ़ावा देंगे। मदरसे में कैरियर गाइडेंस के लिए करियर काउंसिल प्रोग्राम लगाएंगे। यहां पढ़ने वाली बच्चियों के लिए बेहतर भविष्य से कैसे उनको कनेक्ट किया जाए, इसको लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा की हम एक विशेष करिकुलम, एक नीति बनाने जा रहे हैं। सीएम ने इसको लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मदरसा शिक्षा को बेहतर और बेहतरीन बनाना है।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली की बदौलत गिरावट से उबरा बाजार

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन सत्रों की गिरावट से उबरकर बुधवार को शेयर बाजार आधे प्रतिशत से अधिक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 410.19 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,596.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 129.55 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 24813.45 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.90 प्रतिशत उछलकर 44,786.03 अंक और स्मॉलकैप 0.51 प्रतिशत मजबूत होकर 51,200.19 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2291 में तेजी जबकि 1685 में गिरावट रही, वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2941 कंपनियों के शेयरों में से 1753 में लिवाली जबकि 1095 में बिकवाली हुई, वहीं 93 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.64 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.29, सीडी 0.66, ऊर्जा 0.27, एफएमसीजी 0.29, वित्तीय सेवाएं 0.67, हेल्थकेयर 0.93, इंडस्ट्रियल्स 1.35, आईटी 0.59, दूरसंचार 1.24, यूटिलिटीज 0.37, ऑटो 0.73, बैंकिंग 0.27, कैपिटल गुड्स 1.65, धातु 0.46, तेल एवं गैस 0.53, पावर 0.78, रियल्टी 1.58, टेक 0.81, सर्विसेज 0.50 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.66 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16, जर्मनी का डैक्स 0.49 और जापान का निक्केई 0.61 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 0.62 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.21 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 141 अंक की तेजी के साथ 81,327.61 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 81,327.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### बारामूला भारी मात्रा में जब्त प्रतिबंधित पदार्थ नष्ट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की बारामुला पुलिस ने बुधवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में करोड़ों रुपये मूल्य के प्रतिबंधित पदार्थ और नशीली दवाओं को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी बारामुला ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 52ए के तहत भारी मात्रा में जब्त नशीली दवाओं और मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि उरी, क्रेरी, शीरी, बारामूला, बोनियार और पट्टन पुलिस स्टेशनों के 33 मामलों में जब्त प्रतिबंधित पदार्थों को नष्ट कर दिया गया। नष्ट किए गए पदार्थों में 1.270 किलोग्राम हेरोइन, 1.703 किलोग्राम चरस, 13 किलोग्राम पोस्ता भूसा, 20.121 किलोग्राम गांजा, अल्प्राजोलम 0.5 मिलीग्राम 340 गोलियां शामिल है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहनः** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 25 रिंगिट की गिरावट के साथ 3895 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जून का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट चढ़कर 50.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहनः दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहनः चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14652 रुपये, पाम ऑयल 14066 रुपये और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बानू मुश्ताक..** .. अनुभव के ताने-बाने में हर धागा मायने रखता है। ऐसी दुनिया में जो अक्सर हमें बांटने करने की कोशिश करती है, साहित्य उन खोई हुई पवित्र जगहों में से एक है, जहां हम एक-दूसरे के दिमाग में रह सकते हैं, भले ही कुछ पन्नों के लिए ही क्यों न हो। 5 किताबें, जो बुकर प्राइज की रेस में थी- ऑन द कैलकुलेशन ऑफ वॉल्यूम, लेखक- सोलवेज बैले, ट्रांसलेटर- डेनिश से बारबरा जे. हैवलैंड, स्मॉल बोट, लेखक- विंसेंट डेलेक्रोइक्स, ट्रांसलेटर- हेलेन स्टीवेंसन, अंडर द आई ऑफ द बिग बर्ड, लेखक- हिरोमी कावाकॉमी, ट्रांसलेटर- आसा योनेडा, परफेक्शन, लेखक- व्रिन्सेन्जो लैट्रोनिको, ट्रांसलेटर- सोफी ह्यूजेस, ए लेपर्ड-स्किन हैट, लेखक- ऐनी सेरे, ट्रांसलेटर- मार्क हचिंसन। 2022 में गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि (टाम्ब ऑफ सैंड) को इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया था। 2022 में गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि (टाम्ब ऑफ सैंड) को इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया था। इससे पहले 2022 में भारत की राइटर गीतांजलि श्री ने उपन्यास टाम्ब ऑफ सैंड के लिए प्रतिष्ठित बुकर प्राइज जीता था। टाम्ब ऑफ सैंड बुकर जीतने वाली हिंदी की पहली किताब थी। इसका अंग्रेजी अनुवाद डेजी राकवेल ने किया है। गीतांजलि श्री का उपन्यास हिंदी में 'रेत समाधि' नाम से पब्लिश हुआ था। गीतांजलि श्री का उपन्यास दुनिया की उन 13 पुस्तकों में शामिल था, जिन्हें पुरस्कार की लिस्ट में शामिल किया गया था। पुरस्कार की घोषणा 7 अप्रैल 2022 में लंदन बुक फेयर में की गई थी। 2025 से पहले यह किसी भी भारतीय भाषा में अवॉर्ड जीतने वाली पहली किताब थी।

**छत्तीसगढ़ में ...** सीमावर्ती इलाके में बड़ा ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों को प्राप्त जानकारी के आधार पर ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। इसमें जवानों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। अब तक 27 नक्सली मारे जाने की सूचना मिली है। वहीं इस ऑपरेशन में रूपेश से भी बड़े कमांडर फंसे हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। इसके साथ ही गृह मंत्री ने यह भी जानकारी दी है कि मुठभेड़ में एक जवान शहीद और कुछ जवान घायल भी हुए हैं। मारे गए सभी माओवादियों के शव जवानों के द्वारा बरामद कर लिए गए हैं। इस मामले की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की है। श्री सुंदरराज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र में स्थित अबूझमाड़ इलाके में बुधवार को सुरक्षाबल के जवानों और माओवादियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में जवानों ने 27 माओवादियों को मार गिराया है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने घटनास्थल से मारे गए सभी 27 माओवादियों के शवों को भी बरामद कर लिया है। इसके साथ ही जवानों ने घटनास्थल से माओवादियों के कई हथियार भी बरामद किया है। वहीं इस मुठभेड़ में डीआरजी के एक जवान की शहादत के साथ कुछ जवान घायल भी हुए है। घायल जवानों को तत्काल मेडिकल हेल्प प्रदान की गई है। घायल जवानों की स्थिति खतरें से बाहर है। बस्तर आईजी ने इस घटना में माओवादी संगठन के कई बड़े लीडरों के मारे जाने और घायल होने की भी आशंका जताई हैं। बताया गया कि अभी भी उक्त इलाके में जवानों के द्वारा सर्च ऑपरेशन जारी है। मुठभेड़ स्थल पर नक्सलियों के शीर्ष कमांडरों को भी सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। इनमें नक्सली लीडर रुपेश और विकल्प के भी फंसे होने की जानकारी सामने आई है। इन दोनों पर सुरक्षा एजेंसियों को लंबे समय से नजर थी और अगर इनकी गिरफ्तारी या मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि होती है तो यह नक्सल विरोधी अभियान में यह एक बड़ी कामयाबी होगी। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के उप पुलिस महानि. रीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि नारायणपुर, बीजा. पुर, दंतेवाघ तथा कोंडागांव जिले के स्थानीय जिला रिजर्व पुलिस के जवान इन चारों जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में लगातार नक्सलियों से मुठभेड़ जारी है। जिला रिजर्व पुलिस के जवान स्थानीय होने के कारण में इलाके के भौगोलिक स्थिति से परिचित है। अबुझमाड़ क्षेत्र में एक करोड़ का इनामी नक्सली नेता जनरल सेकेटी डुबाला केशव राव उर्फ राजू समेत तीस से अधिक नक्सली मारे जाने की खबर है। पुलिस ने बताया कि कोंडागांव, नारायणपुर व बीजापुर के सीमा क्षेत्र इलाके में मुठभेड़ जारी है।

**वक्फ कानून...** के खिलाफ लगी याचिकाओं पर सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे हैं। मेहता ने कहा था, सुनवाई उन तीन मुद्दों पर हो, जिन पर जवाब दाखिल किए हैं। नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई कर रहा है। इसमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जहां मंत्रालय ने एक बिल बनाया और बिना सोच-विचार के वोटिंग कर दी गई हो। कुछ याचिकाकर्ता पूरे मुस्लिम समुदाय की ओर से नहीं बोल सकते। आपके पास जो याचिकाएं आई हैं, वे ऐसे लोगों ने दायर की हैं जो सीधे इस कानून से प्रभावित नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसी ने यह नहीं कहा कि संसद को यह कानून बनाने का अधिकार नहीं था। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 96 बैठकें हुईं और हमें 97 लाख लोगों से सुझाव मिले, जिस पर बहुत सोच-समझकर काम किया गया।

# यूपी में 14 आईएएस इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चार जिलाधिकारियों समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 14 अधिक. ारियों का तबादला कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार को मौजूदा दायित्व के साथ साथ कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि हरदोई के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को बलिया का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं बलिया के मौजूदा डीएम बलिया प्रवीण कुमार लक्षकार को संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम (शहरी) के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जिलाधिकारी महाराजग. ंज अनुनय झा को हरदोई का नया डीएम बनाया गया है, जबकि अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संतोष कुमार शर्मा अब महाराजगंज के नए जिलाधिकारी होंगे। सिद्धार्थ नगर के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जयेंद्र कुमार को अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और नगर आयुक्त अयोध्या के पद पर स्थानांतरित किया गया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गोरखपुर मृणाली अविनाश जोशी को सीडीओ सिद्धार्थ नगर के पद पर तैनात किया गया है। संस्कृति विभाग में विशेष सचिव रविन्द्र कुमार-1 को कृषि विभाग में इसी पद पर भेजा गया है। संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम ज्ञानेन्द्र सिंह को डीएम पीलीभीत बनाया गया है। संजय कुमार सिंह को संस्कृति विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण अपूर्वा दुबे को निदेशक राज्य नगरीय विकास प्राधिकरण (सूडा) बनाया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मेरा एनकाउंटर कराना चाहती थी सरकार: चंद्रशेखर आजाद

## मवाना में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में गरजे आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम व भीम आर्मी एकता मिशन द्वारा स्वागत समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन नगर पालिका परिषद के बड़े मैदान में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद एवं भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विनय रतन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। चंद्रशेखर आजाद तय समय से करीब तीन घंटा देरी से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। चंद्रशेखर आजाद ने सर्वप्रथम बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर व मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि देश में बेरोजगारी की दर बढ़ी है। पुरानी पेंशन को सरकार ने खत्म कर दिया है। समान शिक्षा का हक भी भाजपा देश के लोगों से छीन चुकी है। देश में लगातार दलितों पर हमले हो रहे हैं उनके परिवारों का दमन भाजपा व भाजपा की पुलिस कर रही है। हम सरकार से ये मांग करते हैं कि जल्द ही पर्यटन नगरी हस्तिनापुर को रेलवे लाइन दे, देश में समान शिक्षा नीति लागू हो, पुरानी पेंशन नीति की दोबारा से बहाली हो, गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जी को भारत रत्न दिया जाए, भारतीय आर्मी में गुर्जर व चमार रेजिमेंट बनाई जाए, दलितों मुस्लिमों पर हो रहे लगातार जुल्म को सरकार तत्काल प्रभाव से बंद करे। हम सरकार को चेताना चाहते हैं कि इन सभी मांगों को जल्द पूर्ण किया जाए अन्यथा दलित समाज देश में आंदोलन करने का काम करेगा। चंद्रशेखर ने कहा कि हमने संसद में बोधगया को आजाद करने की मांग की है। इस सरकार ने मेरा एनकाउंटर कराने का प्रयास किया। मुझ पर गोलियां चलीं, मेरे शरीर पर लाठियां पड़ी, मेरे नाखून उखाड़े गए, मैं अपने ऊपर हुए जुल्म तो भूल सकता हूं लेकिन आप लोगों पर हुए जुल्म को मरते दम तक नहीं भूल सकता। इस दौरान पार्टी के सम्मेलन में भारी भीड़ मौजूद रही जिससे चंद्रशेखर आजाद भी उत्साहित दिखे।



## शाहजेब रिजवी की मेहनत लाई रंग

मवाना में आजाद समाज पार्टी के सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आरएलडी छोड़कर चंद्रशेखर का हाथ थामने वाले ग्राम रसूलपुर के शाहजेब रिजवी भी बीते दो हफ्तों से चंद्रशेखर के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव-गांव घूम रहे थे। वह देर रात तक गांव-गांव जाकर लोगों से मवाना चलने की अपील कर रहे थे और मवाना में आयोजित हुए कार्यक्रम में जिस तरीके से फलावदा व आसपास के क्षेत्र की जनता दिखाई दीं उसे शाहजेब रिजवी की मेहनत का असर भी कहा जा सकता है।

## चन्द्रशेखर की जनसभा में पहुंचे पांच युवक गंगनहर में डूबे, दो लापता

बुधवार को सांसद चंद्रशेखर की जनसभा सुनने के बाद मवाना गंग. नहर में कुछ युवक नहाने के लिए पहुंच गए। नहाते समय पांच लोग तेज बहाव में बह गए जिनमें से तीन को तो बचा लिया गया, जबकि दो युवक तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सीओ मवाना अभिषेक पटेल व थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे युवकों की तलाश की जा रही है। मेरठ के सदर बाजार थाना क्षेत्र के महताब सिनेमा के पास रहने वाले सुहैल व शहजाद अपने दस से बारह अन्य साथियों के साथ बुधवार को मवाना के बड़ा मैदान में आजाद समाज पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सुनने पहुंचे थे। शाम करीब चार बजे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी युवक गंगनहर पर पहुंच गए और नहाने लगे। इसी दौरान पांच युवक तेज बहाव में बहने लगे। साथियों द्वारा तीन को तो बचा लिया गया, जबकि सुहेल व शहजाद बहाव तेज होने की वजह से बह गए। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से सुहेल व शहजाद की तलाश की जा रही है।



## 300 से अधिक सार्वजनिक संस्थानों में लगाए सोलर ऊर्जा पैनल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश की स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण पहल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्थिरता और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए राज्य भर में 300 से अधिक सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को सफलतापूर्वक सौर ऊर्जा से रोशन किया है। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी उद्देश्यों के अनुरूप है। राज्य में रूफटॉप सोलर ऊर्जा को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। सौर ऊर्जा को व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा देकर, टाटा पावर न केवल स्वच्छ और सस्ती बिजली के साथ घरों को सशक्त बनाने के राज्य के दृष्टिकोण का समर्थन करता है, बल्कि राष्ट्र के लिए एक हरित, अधिक लचीले और ऊर्जा-सुरक्षित भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

## शताक्षी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश पर समर कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम चितवाना शेरपुर स्थित शताक्षी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश होने से पूर्व विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को पूल पार्टी कराई गई तथा बच्चों को डांस एक्टिविटी कराई गई। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन मोनू तोमर ने बच्चों को समझाया कि गर्मियों में स्वयं को सुरक्षित रखें घर पर रहे व अपने आसपास में गर्मी में पक्षियों के लिए पानी का बर्तन भर कर रखें। विद्यालय की प्रधानाचार्य रूबी शर्मा ने शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मिलकर बच्चों को खूब मस्ती कराई। पूल पार्टी में म्यूजिक के साथ डांस किया गया और बच्चों ने खूब मस्ती की पूल पार्टी में एलिस मरियम रेहान अरहम नकुल एंजेल आदि बच्चों ने जमकर धमाल किया। कार्यक्रम प्रभारी शिखा शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का धन्यवाद किया सहयोगी आशा महविश आदि मौजूद रहे।

## आंधी बारिश से हुई आम की फसल बर्बाद, रसुलपुर धौलडी में गिरा मकान

**जानी खुर्द।** बुधवार की शाम आई तेज आंधी बारिश से मौसम में ठंडक के साथ आम की फसल बर्बाद हो गई जिसमें बाग मालिकों के माथे पर पसीना आ गया। बारिश और तेज आंधी से जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में काफी तादाद में आम की फसल है जिससे व्यापारी अपने परिवार का पेट भरते हैं। बाग व्यापारी प्रवीण राजवंश ने कहा कि तेज आंधी और बारिश से काफी आम की फसल बर्बाद हुई हैं। वहीं रसुलपुर धौलडी निवासी कपिल तोमर के मकान की छत गिर गई।







## छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बढ़ती गर्मी से निजात पाने के लिए समाजसेवियों ने नगर के मुख्य मार्ग पर छबिल लगाकर रहागिरो को शरबत पिलाया। इस अवसर पर समाजसेवियों ने कहा कि हर मनुष्य को बढ़ती गर्मी से निजात पाने के लिए ठडा शरबत एवं ठंडा पानी पिलाना चाहिए। राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से रहीसुदीन सलमानी, विशाल कुमार, आशु उपाध्याय, मुकुल जेनर, नितिन जेनर, सचिन खारीवाल, मोी. हत दक्ष यश धीमान, इनाम अब्बासी, पूर्व धीमान सुहैल सैफी आदि का सहयोग रहा।



## शाही रॉयल क्लब ने जीता याद-ए-हकीम मुस्तकीम क्रिकेट टूर्नामेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में चिंदौड़ी, जमालपुर मार्ग पर स्थित नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर याद ए हकीम मुस्तकीम क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में शाही रॉयल क्लब ने मिस्टर गैजेट की टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। शाही रॉयल क्लब के बल्लेबाज संदीप तोमर को ताबड़तोड़ नाबाद 96 रन बनाने के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। मिस्टर गैजेट क्लब के कप्तान सारिम रिजवी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया ओर 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 210 रन का विशाल स्कोर बनाया उनकी टीम की तरफ से आयुष भारद्वाज ने 64 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए शाही रॉयल क्लब ने 19.1 ओवर में 4 विकेट खोकर 214 रन बनाकर जीत हासिल की। शाही रॉयल क्लब की तरु से संदीप तोमर ने 56 गेंदों में नाबाद 96 व हर्षित त्यागी ने 16 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने पर संदीप तोमर को बेस्ट बल्लेबाज, कपिल राणा को बेस्ट गेंदबाज व शादमान रिजवी को बेस्ट फील्डर चुना गया। आयोजक डॉ. खुशनसीब अध्यक्ष साईम रिजवी, तैमूर गंगेरू, भाजपा नेता मोहन सैनी, उपाध्यक्ष डॉ. बिलाल, हाफिज मुंतसीब,आदि सभी ने मिलकर विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व नकद इनामी राशि देकर पुरुस्कृत किया। इस दौरान जिला पंचायत वार्ड 6 के भावी प्रत्याशी वाईज अब्बास ने सभी खिलाड़ियों को मुबारक. बाद दी और उनकी हौसला अफजाई की। इस दौरान वाईज अब्बास, शमशाद रिजवी, शाही अब्बास, इकबाल मलिक, मास्टर फुरकान, अनवार गंगेरु, आसू मास्टर, रियासत रिजवी, हाफिज अजमल, तालिब रिजवी, मुन्ना, शौकीन, हाफिज शफीक, नफीस, कैफ शेख आदि मौजूद रहे।



## पूल पार्टी में डीपीएम स्कूल के छात्रों ने की मस्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा में कक्षा नर्सरी से कक्षा यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ स्कूल सचिव जगदीश त्यागी और प्रधानाचार्य जिया जैदी ने किया। पार्टी में छात्रों ने अपने दोस्तों और शिक्षकों के साथ पूल में मस्ती की और गर्मी के मौसम में ठंडक का आनंद लिया। पार्टी में छात्रों ने पूल में तैराकी की, खेल खेले और एक दूसरे के साथ मस्ती भरे पल बिताए। इस अवसर पर स्कूल के सचिव जगदीश त्यागी ने कहा कि पूल पार्टी हमारे स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो न केवल हमारे छात्रों को शारीरिक गतिविधि का अवसर प्रदान करता है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य और सामा. जिक कौशल को भी बेहतर बनाने में मदद करता है। पूल पार्टी के माध्यम से, हमारे छात्र तैराकी और अन्य जल गतिविधियों में भाग लेकर अपने शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। साथ ही, वे अपने दोस्तों के साथ मस्ती भरे पल बिताकर अपने सामाजिक कौशल को भी विकसित कर सकते है। इस मौके पर प्रधानाचार्य जिया जैदी, कोऑर्डिनेटर मुकुल त्यागी, ममता शर्मा, पूनम, पूर्णिमा शर्मा, रेनू आदि का सहयोग रहा।

## सर छोटू राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी परीक्षा केन्द्र में उड़ाका दल ने की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र सर छोटू राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में उड़ाका दल ने छापेमारी की। प्रोफेसर जयमाला के नेतृत्व में उड़ाका दल के सदस्यों डॉ. योगेन्द्र गौतम, डॉ. नाजिया तरन्नुम एवं डॉ. मुनेश कुमार प्रात: 10:30 बजे सर छोटू राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित परीक्षा कक्षों में पहुंचे। इस परीक्षा में बी.टेक. और एम. टेक. के तीन परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा गया। बी.टेक चतुर्थ सेमेस्टर की एक छात्रा और एक छात्र के डेस्क के बीच में हस्तलिखित पर्ची पकड़ी गई और बी.टेक चतुर्थ सेमेस्टर के ही एक छात्र के पास नकल की पर्ची पकड़ी गई। उड़ाका दल ने तीनों पर यू.एफ.एम. कार्रवाई की।



# सामाजिक न्याय सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा जिला कार्यालय मेरठ पर आगामी 29 मई को भारत रत्न, किसानों के मसीहा एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर होने वाले सामाजिक न्याय सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए बैठक का आयोजन किया गया।




जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशध्यक्ष सामाजिक न्याय मंच सुश्री संगीता दो. हरे ने की तथा संचालन क्षेत्रीय महासचिव संजय पनवाड़ी द्वारा किया गया। आगामी 29 मई का कार्यक्रम एसजीएम गार्डन लालकुर्ती में आयोजित किया जाएगा और कार्यक्रम हेतू अधिक से अधिक लोगों को लाने का लक्ष्य रखा गया है। 29 मई के कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी एवं सांसद बागपत डॉ. राजकुमार सांग. वान व मीरापुर से विधायक मिथलेश पाल एवं विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद तथा राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार आदि मौजूद रहेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद बागपत डॉ. राजकुमार सांगवान ने कहा कि आगामी 29 मई को किसाना. ', मजदूरों, दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों के मसीहा और भारत रत्न तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर हम उनको याद कर रहे हैं। उनके द्वारा इस देश हित में तथा देश के करोड़ों लोगों के हित में किए गए कार्य और उनके विचार हमारा मार्गदर्शन करने का कार्य करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि आगामी 29 मई को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उनको सादर श्रद्धांजलि देने का कार्य करेंगे। पुण्यतिथि के अवसर पर होने वाले सामाजिक न्याय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य करेंगे और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के किए गए कार्य और उनकी प्रेरणा को जन-जन तक पहुंच. ाने का कार्य करेंगे। बैठक को लोक. दल के मुख्य लोगों ने संबोधित किया।

# अडानी के नुकसान को देख मोदी ने किया सीजफायर: संजय सिंह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ पहुंचे आम आदमी पार्टी के राजयसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में मोदी सरकार ने जबरदस्ती भारत पर सीज फायर थोपा है, और यह सीजफायर भाजपा सरकार ने अडानी के कारोबार को बचाने के लिए किया है। इस युद्ध से अड़ानी को नुकसान होता इसीलिए उसे फायदा पहुंचाने के लिए देश पर मोदी ने यह सीज फायर थोपा है। यह सीजफायर थोप कर देश को कमजोर किया है, जबकि हमारे देश की सेना पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पूरी तैयार थी ट्रंप के इशारे पर सब कुछ किया गया है, और जो ट्रंप ने कहा उस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप क्यों है मेरठ पहुंचे आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह एक बार फिर अपने तेवर में दिखाई दिए। यहां पर उन्होंने आम आदमी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि आने वाले जिला पंचायत के चुनाव में पार्टी गांव-गांव जाएगी और अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी और 2027 के विधानसभा चुनाव की जमीन को तलाशने के लिए जिला पंचायत चुनाव पार्टी के लिए एहम कड़ी होगी। इस दौरान भारी तादाद में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा देखा गया।

**भाजपा सरकार ने भारत को किया कमजोर**

# 31 तक बंद रहेंगे कक्षा 12 तक के स्कूल: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने बताया कि वर्तमान में तापमान 40 डिग्री से अधिक होने के कारण लू-प्रकोप चल रहा है। ऐसे में स्कूल जाने वाले छात्रों को लू लगने की प्रबल सम्भावना बनी हुई है। लू लगने पर बच्चों में डिहाईड्रेशन तथा बीमार होने का खतरा बना रहता है, जिससे जान की भी क्षति हो सकती है। जनसामान्य एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावकों द्वारा भी स्कूल उपरोक्त कारणों से बन्द किये जाने हेतु निरन्तर अनुरोध किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालय कक्षा-प्री-नर्सरी से कक्षा 12 तक में निम्नानुसार आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। जिन विद्यालयों में पूर्व से ही अवकाश घोषित है वह विद्यालय यथावत् बंद रहेगे, प्री-नर्सरी, नर्सरी से कक्षा 8 तक समस्त विद्यालय 31 मई तक पूर्णत: बन्द रखे जाये, जिन विद्यालयों में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कक्षा 9 से 12 तक यदि परीक्षाएं संचालित हो, उन्हें यथावत् शीघ्र सम्पादित करा लिया जाये।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में समर कैंप की हुई शुरूआत




समर कैंप का शुभारंभ करते प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेडा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में बुधवार को समर कैम्प का आरंभ हो गया है। कैंप का शुभारम्भ स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने रिबन काटकर किया। दस दिन तक चलने वाले इस कैंप में कक्षा यूकेजी से कक्षा आठ तक के बच्चे भाग लेंगें। इस कैंप के अंतर्गत विभिन्न गति. विधियों जैसे नॉन फायर कुकिंग, साइंस एक्टिविटी, कम्प्यूटर एक्टिविटी, पर्सनेलिटी डवलपमेंट, म्यूजिक एण्ड डांस, थिएटर, योगा व स्पोटर्स आदि क्रियाकलाप कराये जायेंगे। जिससे छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# किसान दिवस: 74 समस्याओं में से मात्र 45 का निस्तारण

## जिलाधिकारी के देर से पहुंचने पर नाराज हुए जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी

- 29 पुरानी और 50 नई समस्याओं को लिखकर डीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार माह के तीसरे बुधवार को डीएम की अध्यक्षता में होने वाले किसान दिवस में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान भाग लेने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में किसान दिवस प्रारंभ हुआ। जिसमें किसानों ने अधिकारी कम होने की बात उठाई जिस पर तत्काल सभी अधिकारियों के पहुंचने के निर्देश सीडीओ ने दिए।



उसके बाद पुरानी समस्याओं पर चर्चा हुई जिस पर जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने जिलाधिकारी के न पहुंचने पर विरोध जताया। जिस पर आधा घंटा लेट डीएम वी.के. सिंह भी पहुंच गए। पुरानी समस्याओं पर चर्चा हुई जिसमें पिछले वर्ष की 74 समस्याओं में से 45 समस्याओं का निस्तारण उचित हुआ, बाकी समस्याओं पर विरोध की स्थिति उत्पन्न हो गई जिस पर डीएम भी अधिकारियों पर नाराज हो गए और सभी जायज समस्याओं का निस्तारण किसानों की न होने पर डीएम ने अधिकारियों पर कार्यवाही करने का आदेश दिया और साथ ही जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने सार्वजनिक रूप से कहा कि अगर में कोई गलत काम का दवाब किसी अधिकारी पर बनाते हे तो अधिकारी हम पर रिपोर्ट कराने का काम करे और किसी भी कार्यकर्ता पदाधिकारी का गलत काम किसी भी अधिकारी को करने की जरूरत नहीं है, और न ही दवाब में आने की जरूरत है। आप स्पष्ट रूप से किसानों की जायज समस्याओं का समाधान कराए और अगर समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की योजना बनाएंगे। इस दौरान अनुराग चौधरी ने प्रमुख रूप से किसानों ने गन्ना भुगतान कराने का मुद्दा उठाया जिस पर डीएम वी.के. सिंह ने जल्दी भुगतान का आश्वाशन दिया। किनोनी शुगर मिल से अंतिम पर्ची पर तीन क्विंटल चीनी गत वर्षों की भांति दिलाने की मांग की। जिलाधिकारी वी.के. सिंह ने तत्काल दिलाने का आश्वाशन दिया, समिति ब्याज 7 प्रतिशत लिए जाने के संबंध के विरोध में डीएम वीके सिंह ने शासन को पत्र तत्काल लिखने का आदेश दिया। किसानों ने तालाब सफाई, सड़क आदि समस्याओं से संबंधित 53 समस्याओं को लिखकर जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने डीएम को सौंपा और समस्याओं का ससमय समाधान कराएं जाने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मेजर चिंदौड़ी, भोपाल, अनूप यादव, देशपाल, हर्ष, मोनू, बबलू, प्रशांत त्यागी, हरेंद्र गुर्जर, सत्येंद्र, मनोज खत्री, नरेश मवाना, सरदार जज सिंह, बंटी प्रधान, लाला, वीरेंद्र प्रधान महपा, दिवाकर, अमीर आलम, सोनू, कपिल, हरवीर , विनोद, कृष्णपाल, वीर सिंह आदि रहे।

# सीसीएसयू में योग फॉर वन अर्थ, वन हैल्थ कार्यक्रम हुआ आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** योग विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में कुलाधिपति के निर्देशानुसार 'Yoga for one Earth one health' कार्यक्रम के अंतर्गत विरासत से विकास योग का सामा. जिक जीवन पर प्रभाव विषय पर उत्तराखंड ओपन विद्यालय में योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. भानू प्रकाश जोशी द्वारा परिचर्चा की गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार योग द्वारा सामाजिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। की परिभाषा के अनुसार किसी व्यक्ति को केवल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना ही स्वास्थ्य नहीं माना जाता बल्कि सामाजिक स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण पहलू है। और योग द्वारा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ सामाजिक स्वास्थ्य भी बढ़ाया जाता है। इस परिचर्चा में योग विज्ञान विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस परिचर्चा के दौरान साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद की अध्यक्षा प्रोफेसर नीलू जैन और सचिव प्रोफेसर कृष्ण कान्त शर्मा, विभाग के समन्वयक प्रोफेसर राकेश कुमार शर्मा, सभी शिक्षक डॉ. नवज्योति सिद्धू, सत्यम सिंह, अमरपाल, डॉ. कमल शर्मा, अंजू मलिक, ईशा पटेल, कुमारी साक्षी मावी उपस्थित रहे।




# सरधना के हॉस्पिटल में वार्ड ब्वॉय ने नर्स से किया दुष्कर्म का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना में एक निजी अस्पताल में नर्स से छेड़छाड़ कर वार्ड बॉय ने दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता कई महीनों से इस अस्पताल में नर्स के रूप में कार्यरत है। नर्स को जबरन खींचने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। ड्यूटी के दौरान वार्ड बॉय ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की। इसके बाद आरोपी उसे जबरन चिकित्सक के कमरे में ले गया।

पीड़िता किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर भागी और अन्य कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी। आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि आरोपी पहले भी उसके साथ अश्लील हरकतें कर चुका था। उसने इसकी शिकायत अस्पताल संचालक और महिला चिकित्सक से की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। घटना के बाद जब पीड़िता के परिजन अस्पताल संचालक से मिले तो उन्होंने मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया। सीसीटीवी में घटना कैद होने के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले ली गई है, पीड़िता के बयान दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# सट्टा माफिया असलम प्रधान का आतंक, पुलिस की साठगांठ उजागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्राम महलका में सट्टा माफिया असलम प्रधान और उसके परिवार का आतंक एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार मामला इतना गंभीर हो गया है कि 4 ग्रामीणों को गोली लगने से वे अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि स्थानीय पुलिस ने इस मामले में निष्पक्ष जांच करने के बजाय, असलम की साठगांठ में शामिल होकर पीड़ितों के खिलाफ ही क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर दी। यह खुलासा न केवल पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है, बल्कि प्रशासन की जवाबदेही को भी कटघरे में लाता है।

बीती 17 मई को शाम 5:30 बजे, ग्राम महलका में सट्टा माफिया असलम प्रधान और उसके परिवार ने सट्टा कारोबार का विरोध करने पर ग्रामीणों पर हमला कर दिया। असलम और उसके गुर्गों ने गोलियां चलाई, जिसमें सुऐब गुलजार के पक्ष के 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मेडिकल रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि हमला जानलेवा था। घटना के 1 घंटे बाद, यानी शाम 6:30 बजे पुलिस गांव पहुंची, जो इसकी गंभीरता को लेकर सवाल खड़े करता है। मिली जानकारी के अनुसार सुऐब, गुलजार ने उसी रात



एफआईआर नंबर 0113 समय 21-35 दर्ज कराई, जिसमें भारतीय न्याय संहिता बीएनएस, 2023 की धारा 191/2, 191/3, 190, 109, 110, 352, 351/2, और 351/3 लगाई गई। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि असलम ने फलावदा थाना प्रभारी से साठगांठ कर उसी रात 22:30 बजे एफआईआर नंबर 0114 दर्ज करा दी, जिसमें झूठे आरोपों के तहत सुऐब के पक्ष पर हत्या का प्रयास और रंगदारी जैसे संगीन इल्जाम लगाए गए। असलम पक्ष को एक खरा. 'च तक नहीं आई, फिर भी पुलिस ने बिना जांच के यह एफआईआर दर्ज कर ली। इसके बाद, रात 11 बजे तीसरी एफआईआर नंबर 0115 दर्ज की गई, जिसमें दोनों पक्षों पर कार्रवाई दिखाने की औपचारिकता निभाई गई। एक ही घटना में 3 एफआईआर वह भी बिना जांच के यह पुलिस की निष्पक्षता पर बड़ा सवाल है।

## सट्टा माफिया और अपराध की दुनिया का सरगना

असलम प्रधान का नाम मेरठ में अपराध की दुनिया में कोई नया नहीं है। वह एक कुख्यात सट्टा माफिया है, जो पहले भी कई बार जेल जा चुका है। अखबारों की सुर्खिया इस बात का सबूत हैं कि असलम के खिलाफ पहले भी कार्रवाई हो चुकी है। पूर्व में ग्रामीण आशु, अहसान, और महराज ने उसके सट्टा कारोबार के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके बाद वह जेल गया। इस कार्रवाई में थाना दौराला के इंस्पेक्टर व फलावदा थाना प्रभारी भी निलंबित हो चुके हैं।

## पुलिस की साठगांठ का हुआ खुलासा

असलम अपनी दबंगई दिखाने के लिए शादियों और अन्य कार्यक्रमों में फलावदा पुलिस को वर्दी में गनर बनाकर ले जाता है। इसकी तस्वीरें इस बात का पुख्ता सबूत हैं कि फलावदा पुलिस असलम के साथ मिलकर कानून का ही मजाक बना रही है। भाजपा नेता अंकित मोतला को लेकर असलम प्रधान जुए के बड़े खेल में नामजद हुआ है जिसमें डीआईजी कला निधि नैथानी ने भी बड़ी सख्ती दिखाई लेकिन उनकी सख्ती भी असलम प्रधान के सामने बोनी दिखाई दी असलम प्रधान लगातार गांव में ही घूम रहा है जबकि पुलिस के कागजों में उसकी तलाश चल रही है और अब नया मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस ने असलम प्रधान को गिरफ्तार भी कर लिया था लेकिन पुलिस के खेल ने गिरफ्तारी को भी मजाक बना कर रख दिया।

## पुलिस कर रही सट्टा माफिया की मदद, हमें चाहिए इंसाफ: सुऐब

सुऐब गुलजार ने कहा हम गरीब लोग हैं, दिनभर खेतों में पसीना बहाते हैं। लेकिन असलम जैसे सट्टा माफिया हमारी कमाई लूट रहे हैं। मेरे पिता की हत्या के बाद से वह हमें परेशान कर रहा है। इस बार उसने हम पर गोलियां चलवा दीं, लेकिन पुलिस उसकी मदद कर रही है। हम इंसाफ चाहते हैं वहीं कुछ ग्रामीणों ने भी कहा कि असलम के सीसीटीवी फुटेज की जांच हो ओर अन्य ग्रामीणों से पूछताछ हो, और दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई हो। अब देखना यह है कि प्रशासन कितनी ईमानदारी से इस मामले को लेता है और पीड़ितों को इंसाफ दिलाता है। वहीं पीड़ित परिवार आरोपी से काफी डरा हुआ है। और सुरक्षा चाहता है।

# परीक्षितगढ़ में व्यापारी और भाजपा नेताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ब्लॉक के तहत नगर में संयुक्त व्यापार मंडल व भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद तिरंगा यात्रा निकाली।

जिसमें सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता तिरंगे लेकर भारत माता की जय के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू संयुक्त व्यापार के अध्यक्ष सुधीर गर्ग ने संयुक्त रूप से भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। यात्रा मेरठ स्टैंड भगत सिंह चौक से शुरू हुई तथा मुख्य बाजार शिव चौक मवाना बस स्टैंड किठौर स्टैंड मुख्य मार्ग से होती हुई भगत सिंह चौक पर संपन्न हुई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से पूरे देश का मान सम्मान बढ़ा है तथा आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा है। इससे भारत में भारत की सेना का सम्मान बढ़ा है। इस मौके पर रामगोपाल त्यागी मंडल अध्यक्ष सोमवीर सिंह, संजीव शर्मा, ललित त्यागी, सोनू त्यागी, विक्की त्यागी, मोहित बंसल, पंकज मित्तल आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

- शाहीन स्कूल में आयोजित हुआ सम्मानित कार्यक्रम
- किठौर, शाहजहांपुर-दौताई और गढ़मुक्तेश्वर के छात्रों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर बढ़ाया मान
- छात्रों में दौड़ी खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के शाहीन किड्स प्ले स्कूल द्वार इस वर्ष हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शाहीन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहीन अकैडमी, मेरठ के चेयरमैन आबिद अली ने की। किठौर, शाहज. हांपुर, दौताई, गढ़मुक्तेश्वर आदि कस्बों के छात्रों को उनकी शानदार कामयाबी के लिए ट्रॉफिया और सर्टिफिकेट दिए गए। यह कार्यक्रम शाहीन किड्स स्कूल के प्रबंधक जाकिर खान,जफरुल्लाह खान और डायरेक्टर अदनान मलिक और उनकी टीम ने आयोजित किया था।

मुख्य अतिथि आबिद अली ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार कामयाबी हासिल करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए घोषणा कि है कि शाहीन ग्रुप प्रतिभाशाली छात्रों को न केवल विभिन्न कोर्सों की तैयारी में मदद करेगा बल्कि उनको वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मेहर ए आलम खान ने छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कहा कि हमें शिक्षा संस्थानों में एसी भावी पीढ़ी तैयार करने की जरूरत है जो बेहतरीन शिक्षा से ही नहीं बल्कि जीवन के बेहतरीन मूल्यों से परिपूर्ण हो और समकालीन वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की क्षमता रखती हो। शिक्षण से संबंधित अन्य अतिथियों अकील मालिक, असद कासमी और मोहम्मद इस्माईल ने अपने भाषणों में उन्नत समाजों की रचना में शिक्षा की महत्ता को उजागर किया। शाहीन किड्स स्कूल की ऐकडेमिक कोऑर्डिनेटर फायजा अखलाक ने अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल के डायरेक्टर अदनान मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। इस अवसर पर सम्मानित छात्रों के अभिभावकों के अलावा कस्बे के जो गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे उनमें तबारक उल्ला खान, शहजर खान, रफीक खान, यूसुफ खान, मुमताज आलम, नसीब आलम, इकबाल मलिक, अंकित प्रकाश आदि शामिल थे। शाहजहांपुर का शाहीन किड्स प्ले स्कूल शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, जिसका मुख्यालय कर्नाटक में है, की देख रेख में कार्यरत है। इस संस्था का मूल दर्शन एक ऐसी भावी पीढ़ी का निर्माण करना है जो उच्च नैतिक गुणों से परिपूर्ण हो। शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की स्थापना 1989 में हुई थी और यह शिक्षा क्षेत्र में 36 वर्षों की समृद्ध विरासत को अपने साथ लिए हुए है। भारत में इस ग्रुप की 104 शाखाएं चल रही हैं। सऊदी अरब और नेपाल में भी इस ग्रुप के संस्थान कार्यरत है, और अब यूएई में भी इसके विस्तार की योजना है।

# दो पक्षों की फायरिंग में पुलिस ने तीन को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम बली में दीवार को लेकर दो पक्षों में तीन दिन पूर्व फायरिंग हुई थी इस मामले में एक पक्ष के कपिल ने कमल सिंह दूसरे पक्ष के कमल सिंह ने जानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

वहीं दोनों पक्षों में समझौता करने मंगलवार को पूरे दिन थाने में सफेद पोश लोगों का जमावड़ा लगा रहा। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि फायरिंग कर गांव का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई थी आरोपी कमल, कपिल व जय भगवान का नाम प्रकाश में आया था तीनों लोगों को जानलेवा हमले की धारा के मुकदमे में कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# बिजली की कड़कड़ाहट के साथ आई आंधी और बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में शाम के समय बिजली की कड़कड़ाहट के साथ आंधी आई और उसके साथ ही बारिश के साथ ओले भी गिरे। कई दिनों से चिलचिलाती गर्मी से राहत मिली है। गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो रहा था लेकिन आज शाम मौसम ने अचानक करवट बदली पहले तेज आंधी आई उसके बाद बिजली कड़कने लगी और झमाझम बारिश शुरू हो गई बारिश के साथ कस्बे व आसपास ओले भी गिरे। जिससे तापमान में गिरावट आयी है। हालाकि लोगों ने राहत की सांस ली है । वहीं शहर में भी तेज हवा व आंधी से सड़क पर लगे होर्डिंग गिर गये। सड़कों पर लोगों में हड़कंप मचा रहा।

# हाई लॉस फीडरों पर विशेष चैकिंग अभियान से विद्युत चोरी करने वालों में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के समस्त 14 जनपदों में चलाये गये हाई लॉस फीडरों पर, विशेष चैकिंग अभियान से विद्युत चोरी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। डिस्कॉम द्वारा 17 मार्च 2025 से 19 मई 2025 तक हाई-लॉस फीडरों पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया, जिसमे विभाग के अधिकारियों एवं विजिलेंस द्वारा अलग-अलग टीमें गठित कर, नियमित रूप से औचक रेड डालकर, विद्युत चोरी करने वालों पर शिकंजा कसा गया। जनपद मेरठ के हाई लॉस एरिया लिसाड़ी गेट में 52, खुशाहलनगर में 07, सरधना टाउन मे 36 तथा जनपद बागपत के बड़ौत टाउन मे 28, जनपद गाजियाबाद के बमहैटा-प्रथम मे 06, बमहैटा-द्वितीय मे 48, टीला मे 30. झंडापुर, महाराजपुर तथा खडखड (साहिबाबाद) मे 15, जनपद बुलंदशहर के चिन्हित हाई लॉस एरिया खुर्जा में 109, जनपद हापुड़ में हापुड़ टाउन मे 72, जनपद मुजफ्फरनगर के चरथावल टाउन मे 124, जनपद शामली में ऊन में 30, जनपद सहारनपुर मे अम्बाला रोड एरिया 56, जनपद गौतमबुद्ध नगर के दादरी टाऊन मे 32 एवं जेवर टाऊन मे 52 विद्युत चोरी पकडी गई जिनके विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त जनपद मुरादाबाद के चिन्हित हाई लॉस एरिया जामा मस्जिद एरिया में 09, काण्ठ टाउन मे 28, जनपद रामपुर के स्वार मे 82 एवं जनपद संभल के चंदौसी मे 23 तथा जनपद अमरोहा के हाई लॉस एरिया, हसनपुर-नगर पालिका एरिया में 80, रामलीला ग्राउड चहाशेरी एवं शहानपुर में 25 चोरी पकडी गई। कुल 53571 परिसर चौक किये गये, कुल 931 संयोजनो पर विद्युत चोरी पकड़ी गई जिनके विरूद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई।




इसके अतिरिक्त 10 मीटरों में 45704 यूनिट स्टोर रीडिंग पकड़ी गई, 231 केस गलत टैरिफ में चलते पाये गये, 3435 मीटर परिसरों से बाहर शिफ्ट किये गये तथा 9977 संयोजन बकाये पर विच्छेदित कर 939.19 लाख रुपये की राजस्व वसूली की गई। विभाग द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि गोपनीय स्तर पर भी, विद्युत चोरी के प्रकरणों की जानकारी जुटाई जाये, विद्युत चोरी पर शिकंजा कसने के लिये कार्य योजना बना कर, सार्थक प्रयास किये जायें। विद्युत चोरी करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।


# विद्युत लाइन की चपेट में आने से प्राइवेट लाइनमैन की मौत

## परिजनों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर लगाया हत्या का आरोप, परिवार ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को 11 हजारी विद्युत लाइन का करंट लगने से एक प्राइवेट लाइनमेंन की दर्दनाक मौत हो गई जिसके बाद वह तारों पर हीं चिपक गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद अन्य लाइनमेनो ने किसी तरह मृतक का शव नीचे उतारा और परिजनों को घटना की सुचना दी, जिसके बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और परिजनों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए उन पर कार्रवाई करने की मांग की है। वही सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दरअसल मामला बागपत के खेकड़ा कस्बे का है। जहाँ मुजफ्फरनगर निवासी राकिब प्राइवेट लाइनमेन है। बुधवार को वह नई विद्युत लाइन की टेस्टिंग का काम कर रहा था। तभी उसे 11 हजारी लाइन का करंट लग गया, जिससे उसकी वही मौत हो गई और वह वही तारों से चिपक गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद अन्य लाइनमेनो ने किसी तरह मृतक का शव नीचे उतारा और परिजनों को घटना की सुचना दी, जिसके बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और परिजनों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए उन पर कार्रवाई करने की मांग की है। वही सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।









## व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव मे रात्रि एक मकान पर धावा बोल व्यक्ति और उसकी पुत्रवधू के साथ मारपीट की गयी जिसका आरोप व्यक्ति ने पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष के परिवार पर लगाया है और उनके खिलाफ थानें मे तहरीर भी दी है।

गौना निवासी उदयवीर पुत्र फगनी ने थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार दोपहर को बच्चों की लड़ाई हुई जिसके बाद रात्रि लगभग दस बजें मागेंराम व रोहताश पुत्र मामचंद और अकिंत, सौरव,गौरव,व अशोक, मोहित उसके घर पहुचे और वहा उसके साथ और उसकी पुत्रवधू नेहा व पोत्र उदित के साथ जमकर मारपीट की। वही रोहताश अपने साथ अपनी लाईसेंसी रिवाल्वर भी लेकर पहुंचा और गोली मारने की धमकी भी दी। पडौसीयो के आने पर यह सभी वहा से चले गये जिसकी वीडियो भी वायरल हुई है। पीड़ित सुबह थाने पहुंचा और तहरीर देते हुए कारवाही की मांग की है।



## किसान समाधान दिवस में किसानों को दी एक्सपायरी डेट वाली नमकीन, हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव व एसडीएम अविनाश त्रिपाठी की मौजूदगी में आयोजित किसान समाधान दिवस में बुधवार को विकास भवन में किसान समाधान दिवस में किसानों ने जमकर हंगामा किया। बैठक में किसानों को नाश्ते में एक्सपायरी डेट की नमकीन परोसी गई।

किसान समाधान दिवस के दौरान किसानों ने बैठक में गन्ना भुगतान और आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान की समस्याएं रखीं। उन्होंने अधिकारियों पर आरोप लगाया कि समस्याएं सिर्फ सुनी जाती हैं, समाधान नहीं किया जाता। जब किसानों को चाय-नाश्ता दिया गया, तो नमकीन की एक्सपायरी डेट निकली होने का पता चला। इस पर किसानों ने विरोध जताया और जमकर हंगामा किया। कुछ किसान बैठक छोड़कर जाने लगे। अधिका. रियों के समझाने पर बैठक फिर शुरू हुई। भारतीय किसान यूनियन के नेता हिम्मत सिंह ने किसानों के अपमान पर नाराजगी जताई। उन्होंने खराब नमकीन देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए खाद्य विभाग को सूचित किया गया। खाद्य सहायक आयुक्त मानवेंद्र सिंह ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कई स्थानों पर छापेमारी की है। एक्सपायरी सामान बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।









## एक नजर

### श्रम विभाग ने दर्जनों दुकानदारों के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में बुधवार को श्रम परिवर्तन अधिकारी अरविंद कुमार मद्धेशिया ने अपनी टीम के साथ बुधवार को दुकाने खुली पाए जाने पर दर्जनों दुकानदारों के चालान काटे जिससे बाजार में चालान काटने की कार्रवाई को लेकर दुकानदारों मेंअपरा तफरी मच गई।

श्रम परिवर्तन अधिकारी कार्रवाई अमल में लाते हुए अपनी टीम के साथ आज बाजार में कार्रवाई की है। मगर बुधवार साप्ताहिक बंदी के चलते भी नगर के सैकड़ो की तादाद में दुकानदारों ने दुकानें खोल रखी थी। बुधवार अवकाश की मांग को लेकर श्रम परिवर्तन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा लगातार धरने प्रदर्शन करते आ रहे हैं। दुकानदारों के बीच श्रम परिवर्तन अधिकारी के पहुंचते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई जगह अधिकारियों एवं दुकानदारों के बीच झड़प भी हुई दुकान बंद करने की कार्रवाई श्रम परिवर्तन अधिकारी करते रहे। उनके जाने के बाद वहीं दुकानदारों ने भी अपनी दुकान खोल दी कुछ दुकानदार बुधवार अवकाश का विरोध कर रहे हैं और कुछ दुकानदार अपनी दुकान खोल रहे हैं। मगर साथ-साथ हर मंगलवार को श्रम परिवर्तन यूनियन के अध्यक्ष प्रवीण वर्मा लगातार अपनी टीम के साथतहसील परिसर में धरने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपकर बुधवार अवकाश की मांग करते हैं। बुधवार को दुक. ानदारों एवं श्रम परिवर्तन अधिकारी की टीम के साथ बाजार में जमकर नोक झोंक हुई।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामहरि पवार की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की जयंती पर किया गया माल्यार्पण। मंगलवार को पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने दिल्ली बस स्टैंड स्थित कार्यालय पर आधुनिक भारत के निर्माता युग पुरुष कर्मयोगी संचार क्रांति के जनक भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी 34 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी तशवीर पर पुष्पाजलि अर्पित कर उनके शहादत दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया। देशहित में अनेक महान कार्यो को याद कर महान जीवन पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोआर्डिनेटर डा.संजीव शर्मा व गाजियाबाद को आर्डिनेटर सतेन्द शर्मा नोएडा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। डा.संजीव शर्मा ने बताया राजीव गांधी 40वर्ष की बहुत ही कम आयु मे देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री बने किसान मजदूर गरीबों लिए अनेक लाभान्वित योजनाएं लागू कर गरीबों का हक दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए को आर्डिनेटर सतेन्द शर्मा ने बताया राजीव गांधी ने टेक्नोलॉजी व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे अभूतपूर्व अद्वितीय कार्य कर करोडों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये। शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने बताया किसान मजदूर गरीब दलितो शोषित पीडितो वंचितों के मसीहा राजीव गांधी ने अनेक योजनाएं तैयार कर हर वर्ग को उपर उठने का काम किया। देश को कम्प्यूटर मोबाइल नई टेक्नोलॉजी जोडकर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये संविधान में संशोधन कर ग्राम पंचायतों को सशक्त किया। 18 वर्ष के युवाओं को वोट का अधिकार दिलाया शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए पुरे देश में हैंडपम्प का जाल बिछाया देश सदैव उनका रीणी रहेगा और कहा उनके आदर्शों पर चलकर संगठन को अधिक मजबूत व गतिशील बनाया जायेगा। इस अवसर पर पुष्पेन्दर रामकुमार मनोज जैन डा.सुभाष शर्मा आशु पंडित निशान्त बालमुकुन्द शिवम कश्यप देवेन्द्र शर्मा सुनील कुमार त्यागी अशोक शर्मा रामरंग कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी औंकार दत्त शर्मा जोनमाना कार्तिक सादिक बिजेन्दर शर्मा आदि रहे।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में सभासदों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर पालिका परिषद के सभासदों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोचा खोलते हुए स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

नगर की छपरौली चुंगी के पास स्थित स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों ने पुरजोर विरोध किया और बिजली विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के सभासद प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए छपरौली चुंगी पर पहुंचे। वहां उन्होंने विद्युत विभाग का जमकर विरोध किया। सभासदों ने कहा कि अगर इसके लिए हमें विद्युत विभाग के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन भी करना पड़ेगा तो हम करने को तैयार हैं। मगर यह स्मार्ट मीटर बिल्कुल भी नहीं लगने दिए जाएंगे। इससे लोगों की जेब पर भारी असर पड़ने वाला है। जल्दी एक पंचायत तहसील परिसर में बुलाई जाएगी जिसमें लगने वाले बिजली के स्मार्ट मीटरों विरोध किया जाएगा और कुछ नहीं है। इसको लेकर वार्ड के सभासदों पुरजोर विरोध किया और कहा कि यह गरीब आदमी पर एक बुरी तरह की मार है। यह स्मार्ट मीटर लोगों की जैब खाली करने का काम करेगी। किसान लोग पहले से ही परेशान है। बिजली के बिल इतने ज्यादा आ रहे हैं कि उनको लेकर ही लोग परेशान है। स्मार्ट मीटर पर लोगों का बहुत ही भारी असर पड़ने वाला है और यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आखिर एक गरीब इंसान अपने घर का पालन पोषण कैसे-कैसे कर रहा है। इस कड़ी धूप में घर से निकाल कर अपने बच्चों के लिए मेहनत मजदूरी कर उनका पेट पालने में लगा हुए है। सभासदों का आरोप है कि यह गरीब आदमी पर एक किस्म की मार है और कुछ नहीं आखिर गरीब आदमी जाए तो जाए। कहां अपने परिवार का पालन पोषण करना ही एक कड़ी चुनौती का सामना करने के बराबर है और ऊपर से यह स्मार्ट मीटर लोगों का जंजाल बना हुआ है। इस मौके पर सभासद नागेंद्र तोमर, जावेद प्रधान प्रमोद शर्मा नरेश शर्मा इमरान तोमर श्याम बाबू वाल्मीकि, अमित तोमर पोविनदर तोमर ।विक्रांत सभासद, वरिष्ठ समाजसेवी।रमेश शर्मा सभासद आदि मौजूद रहे।



## ग्रामीणों का बिजलीघर पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आजमपुर मुलसम गांव में विद्युत विभाग द्वारा रात्रि की गई छापेमारी के विरोध में ग्रामीणों ने बिजलीघर पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। विभाग ने 18 मई की रात को 35 घरों में छापेमारी की और वीडियो व फोटो खींचे। इस कार्रवाई में 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग की टीम रात में बिजली चोरी और लोड चेकिंग के नाम पर छापेमारी करती है। वीडियो दिखाकर सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। जो लोग राशि दे देते हैं, उन्हें छोड़ दिया जाता है। बाकी लोगों को मुकदमे की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने विभाग पर गलत बिल भेजने का भी आरोप लगाया है। एक किलोवाट से बढ़ाकर दो-तीन किलोवाट तक विद्युत भार बढ़ाया जा रहा है। खेती के लिए बिजली की आपूर्ति भी समस्या बन रही है। सात और दो घंटे के विभाजित समय के बजाय नौ घंटे लगातार बिजली की मांग की जा रही है। धरना दे रहे लोगों का कहना है कि रात में छापेमारी सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक है। उन्हें यह पता नहीं चलता कि घर में आने वाला व्यक्ति विद्युत कर्मी है या कोई अपराधी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक उच्च अधिकारी आकर आश्वासन नहीं देंगे, धरना जारी रहेगा। एक्सईएन बड़ौत द्वितीय नितिन जायसवाल ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है और वे इसकी जानकारी लेंगे। धरने में योगेंद्र सिंह, मल्लू, श्रीचंद, महाव. ीर, महेशपाल समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।





# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत नैथला वि.ख. बागपत ( बागपत )

**पत्रांक:मीमो /पं.रा.वित्त/15वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद** / 2025-26 **दिनांक**-21.05.2025

## अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अर्न्तगत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें दिनांक- 26.05.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक- 26.05.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रप्त्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है।धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानक. ारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | दिनेश के मकान से राकेश के खेत तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 859900 | 500 | 2% |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | सोमदत्त के खेत से यमुना तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 992611.92 | 500 | 2% |
| 3 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | बल्ले सिरिया से यमुना तक नाला निर्माण कार्य। | 672300.16 | 500 | 2% |
| 4 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | कपिल के घर से यमुना तक नाला निर्माण कार्य। | 728400 | 500 | 2% |
| 5 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | लोकेश के घर से राधेश्याम के मकान तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 212000 | 200 | 2% |
| 6 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | पूरे ग्राम पंचायत में कूडे एंव नालो की साफ सफाई कार्य। | 200000 | 200 | 2% |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा स्वत: निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 100रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत नैथला**
**विकास खण्ड- बागपत ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत नैथला**
**विकास खण्ड- बागपत ( बागपत )**

# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत फुलैरा वि.खं खेकड़ा ( बागपत )

**पत्रांक: ०७ /पं.रा.वित्त/१५वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद** / २०२५-२६ **दिनांक**-21.05.2025

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अर्न्तगत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक-30.05.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक-30.05.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रप्त्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है।धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि | आमन्त्रण की तिथि | निविदा खुलने की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा.वि./ कें. वि. | रेन वाटर हारवेस्टिंग कार्य। | 1.4 | 100 | .14 | 30.05.2025 10 बजे से 1बजे तक | 30.05.2025 2बजे से 5बजे तक |
| 2 | रा.वि./ कें. वि. | आर.आर.सी.सेन्टर पर अवशेष कार्य। | 2.5 | 100 | .25 | 30.05.2025 10 बजे से 1बजे तक | 30.05.2025 2बजे से 5बजे तक |
| 3 | रा.वि./ कें. वि. | नाहर सिंह के मकान से धर्मवीर के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स कार्य। | 1.85 | 100 | .185 | 30.05.2025 10 बजे से 1बजे तक | 30.05.2025 2बजे से 5बजे तक |
| 4 | रा.वि./ कें. वि. | फिल्टर चैम्बर निर्माण कार्य। | .45 | 100 | .045 | 30.05.2025 10 बजे से 1बजे तक | 30.05.2025 2बजे से 5बजे तक |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वत: निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदों/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 100रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत फुलैरा**
**विकास खण्ड-खेकड़ा ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत फुलैरा**
**विकास खण्ड-खेकड़ा ( बागपत )**

# डीएम ने देर रात शहर में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले के डीएम अभिषेक पांडेय लगातार एक्शन मोड में दिखाई दे है। मंगलवार की देर रात अचानक शहर की साफ-सफाई और व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए डीएम अभिषेक पांडेय सड़को पर निकल पड़े जहां उन्होंने नगर के प्रमुख क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरिक्षण के दौरान साफ-सफाई में लापरवाही देखकर उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने कोठी गेट स्थित शराब के ठेके के बाहर सड़क पर खाली बोतलें और कूड़ा मिलने पर ठेके पर जुर्माना लगाने का सम्बंधित अधिकारियो को आदेश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में गंदगी स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि रात में सफाई के बाद गंदगी मिलने पर दुकानदारों और सफाई कर्मियों पर कार्रवाई होगी। दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान के बाहर स्वच्छता बनाए रखने को कहा गया। डीएम ने रेलवे रोड पर एक होटल के बाहर अतिक्रमण देखा। डीएम ने नगर पालिका को इसे तुरंत हटाने के निर्देश दिए। डीएम ने गोल मार्केट, चंडी रोड, मीनाक्षी रोड, सर्राफा बाजार और रेलवे रोड का दौरा किया गया। इन क्षेत्रों में नियमित सफाई और अवैध होर्डिंग हटाने के आदेश दिए गए। डीएम अभिषेक पांडेय ने स्पष्ट किया है कि शहर की स्वछता उनकी प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान सदर एसडीएम इला प्रकाश समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





# डीजे पर कंपीटिशन को लेकर दो पक्षों में फायरिंग, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के परतापुर रोड स्थित वैष्णो मंदिर के पास मंगलवार की रात डीजे कंपीटिशन को लेकर दो पक्षो के बीच विवाद हो गया। विवाद में हुई फायरिंग के दौरान गोली लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नज़दीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

वैष्णो मंदिर निवासी आकाश ने बताया कि उसका बड़ा भाई विकास डीजे बजाने का काम करता है। चार दिन पहले एक गांव में डीजे प्रतियोगिता हुई थी। जिसमें एक डीजे वाला हार गया था। आरोप है कि मंगलवार रात करीब आधा दर्जन कार सवार दबंगो ने उसके भाई विकास को बाहर बुलाया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विकास के विरोध करने पर दबंगो ने उसके साथ जमकर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि विकास के पिता रामौतार ने बेटे को छुड़ाने का प्रयास किया तो दबंगो ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में रामौतार और पड़ोस में रहने वाले सुंदर फौजी को गोली लगी गई जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को नज़दीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।



# किसान दिवस में डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को डीएम अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रो के कृषको एवं कृषक प्रतिनिधियो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

किसान दिवस में सर्वप्रथम योगेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियो एवं कृषक बन्धुओ का स्वागत किया गया। इसके बाद किसान दिवस की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। उप कृषि निदेशक द्वारा गतमाह अप्रैल, 2025 के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतो से सम्बन्धित निस्तारण आख्या उपस्थित सभी कृषको के समक्ष पढ़कर सुनाई गयी तथा निस्तारण सम्बन्धी विस्तृत विवरण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा कृषको को अवगत कराया गया। किसान दिवस में विभिन्न कृषको द्वारा समस्या लिखित रूप से अवगत करायी गयी। किसानों द्वारा डीएम अभिषेक पांडेय को यह भी अवगत कराया की हमारे द्वारा किसान दिवस में जो भी शिकायतें दी जाती है संबंधित अधिकारी उसके निस्तारण में खाना पूर्ति करते हैं। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए किसान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसान दिवस के दौरान किसानों की जो भी समस्याएं आ रही है उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। डीएम द्वारा किसान दिवस में समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों और प्रतिनिधियों को अपने विभाग से संबंधित समस्याओं तथा लंबित पूर्व किसान दिवस की शिकायतों का निस्तारण 10 दिनों में करके प्रत्येक दशा में निस्तारण की कार्यवाही की प्रति किसान दिवस के नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक, कार्यालय निकट कोतवाली में उपलब्ध कराते हुये एक प्रति शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।



# फर्जी बैनामे कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने फर्जी बैनामे कराने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस द्वारा फर्जी बैनामे कराने के मामले में फरार चल रहे आरोपी रोहताश पुत्र शंकरलाल निवासी मोहल्ला सुभाषनगर जयप्रकाश दरोगा वाली गली थाना हापुड देहात जनपद हापुड़ को मोहल्ला सुभाषनगर में फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## एक नजर

### ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत विभिन्न थानो ने 12 वारंटी पकडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थानो से 12 वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत विभिन्न थाना पुलिस द्वारा कुल 12 वारन्टियों को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। थाना हापुड़ नगर ने जितेन्द्र कुमार पुत्र नानक चन्द निवासी मौहल्ला कोटला सादात हापुड, सुमित उर्फ सोनू पुत्र चौ वेदपाल निवासी ए-791 आवास विकास कालोनी मेरठ रोड हापुड, अनुज पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम मोहल्ला तगासराय, ब्रिजेश पुत्र जयभगवान निवासी मोहल्ला चामड असौडा, राजेन्द्र पुत्र शिवचरन निवासी न्यू भीमनगर, प्रदीप पुत्र शिवचरन निवासी न्यू भीमनगर, थाना धौलाना पुलिस ने सतीश पुत्र ओमप्रकाश उर्फ ओमी निवासी ग्राम समाना, प्रशान्त उर्फ पवन पुत्र मनोज निवासी कमरुद्दीन नगर, थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने कुंवरपाल पुत्र मेवाराम निवासी ग्राम बलवापुर, विक्रम पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम मौ आदर्श नगर, राजकुमार पुत्र नौरंग निवासी ग्राम दोताई, चन्द्रावती पत्नी मुरली सिंह निवासी मोहल्ला मीरा की रेती को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, फंदे पर लटका मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बिहुनी के जंगल में एक युवक का शव पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बुधवार की शाम को बहादुरगढ़ पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली की गांव बिहुनी के जंगल में एक युवक का शव पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका हुआ था। रस्सी के फंदे पर युवक का शव लटका होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां उन्होंने मृतक के शव की शिनाख्त की तो मृतक का घशिनाख्त पड़ोसी गांव निवासी युवक के रूप में हुई। जानकारी करने पर मालूम हुआ कि युवक दोपहर को ही घर से निकाला था। घटना की जानकारी पर मृतक के परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तीन दिन बाद भी लापता हुए युवक का नहीं लगा कोई सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तीन दिन पहले संदिग्ध दशा में लापता हुए युवक का कोई भी सुराग न लगने पर अनहोनी की आशंका से भयभीत चल रहे परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई।

सिंभावली क्षेत्र के गांव मुरादपुर के किसान हकीकत का बेटा बिलाल तीन दिन पहले संदिग्ध दशा में लापता हो गया था। जिसका रिश्तेदारियों से लेकर मिलने जुलने वालों के घर तलाश करने के भी कोई सुराग लग पाना संभव नहीं हो पा रहा है। परिजनों के साथ थाने पहुंचे किसान हकीकत ने पुलिस को बताया कि उसके लापता चल रहे अठारह वर्षीय बेटे बिलाल का कोई सुराग नहीं लग पा रहा है, जिससे उसके साथ अनहोनी घटना होने की आशंका से परिजन बुरी तरह भयभीत चल रहे हैं। एसओ सुमित तोमर का कहना है पीड़ित किसान की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर उसके लापता बेटे की सुरागरसी कराई जा रही है, जिसे बहुत जल्द सकुशल ढंग में बरामद करने को आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं।

### अवैध हथियार रखने के मामले में न्यायालय ने दोषी को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध रुप से असलहा रखने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 1997 में आरोपी राजकुमार द्वारा अवैध रुप से असलहा रखने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना गढ़मुक्तेश्वर पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा अवैध हथियार रखने के मामले में राजकुमार पुत्र नौरंग निवासी ग्राम दौताई थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गई अवधि 2 दिवस व 1,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर में की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थो की जाँच के लिए अभियान चलाया। अभियान में टीम ने छापेमारी के दौरान 10 नमूने लिए। टीम ने नगर कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर फलों के ठेलों पर कार्बाइड केमिकल से पकाए गए फल मिलने पर टीम ने दस किलोग्राम फलों को नष्ट कराते हुए नोटिस जारी किया।

सहायक आयुक्त द्वितीय महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि टीम ने नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी में पहलवान डेयरी का निरीक्षण किया। मौके पर सफाई संतोषजनक नहीं मिली, जिस पर नोटिस दिया गया है। इस दौरान दूध एवं घी का नमूना लिया गया। मोहल्ला इंद्रगढ़ी स्थित प्रिशा आइसक्रीम कारखाने का टीम ने निरीक्षण किया। यहां से आइसक्रीम व आइसकैंडी के नमूने लिए। टीम ने धौलाना में समयदीन के कारखाने का निरीक्षण के साथ ही आइसक्रीम व आईसकैंडी घोल और धौलाना स्थित खालिद के कारखाने का निरीक्षण कर आइसक्रीम का नमूना लिया है। उन्होंने बताया कि सभी नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी गुप्ता, सहरिश सादात आदि मौजूद रहे।



# भाकियू की मासिक पंचायत में किसान व मजदूर के मुद्दों पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** फ्री गंज रोड पर स्थित जिला मुख्यालय पर बुधवार को भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत हुई जिसकी अध्यक्षता मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंह उर्फ गुजराल की रही संचालन मुनव्वर अली ने किया।

मासिक पंचायत के दौरान किसानों का बकाया गन्ना भुगतान, कृषि विभाग व आवारा पशुओं की धरपकड़ करना और मजदूर समेत के मुद्दों पर जमकर चर्चा की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने बताया है की जनपद की दोनों चीनी मिलों द्वारा ब्याज सहित गन्ना भुगतान जल्द जल्द किया जाए और जबकि कोर्ट के आदेशानुसार चीनी मिल के मौजुदा पेराई सत्र बंद होने के बाद संपूर्ण भुगतान 14 दिन के अंदर कर दिया जाए लेकिन मिलों द्वारा गन्ना भुगतान नहीं किया गया। जनपद तीनों तहसीलों में किसानों का भारी नुकसान किया जा रहा है। किसान द्वारा सरसों की बुआई तो हुई लेकिंन कृषि विभाग द्वारा समय पर क्रय केन्द्र नही खोले गए है। जिस कारण। किसानों ने मजबूरी में अनाफ़ शनाफ़ रेट में बेचनी पड़ी। जिसका ग्रामीण व किसान जमकर विरोध कर रहे है। विधुत विभाग द्वारा जल्द ही ट्रांसफार्मर की छमता बढ़ाई जाए ताकि फसल की सिचाई ठीक तरह से हो पाएगी। महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी का कहना है निराश्रित गौवंशो के द्वारा किसानों की फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं, गौवंशों की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों की फसल बर्बाद न हो पाए। इस मौके पर रमा शर्मा, कल्पना देवी, आंचल, गढ़ तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी, कुंवर खुशनूद, राजा खेड़ा, पालूराम, अजय कुमार कौशिक, नोशाद अल्वी, फैज़ान अब्बासी आदि मौजूद रहे।



# युवक पर बलकटी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने बलकटी से युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी पीड़ित युवक द्वारा 3 मई को थाने पर तहरीर देते हुए बताया गया था कि वह गांव में स्थित मूलचंद शर्मा की डेयरी पर दूध डालने के लिए गया था। ज़ब वह वापस लौट रहा था तभी रास्ते में चार युवकों ने रोक लिया और उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर सम्बंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। बुधवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे एक आरोपी शिवम् शर्मा पुत्र नरेश शर्मा निवासी गांव नूरपुर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ को बागडपुर-छावनी रोड महेन्द्र फार्म हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बलकटी बरामद हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# नकदी व पर्स चोरी करने के मामले में न्यायालय ने दोषी को सुनाई सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा पर्स व नकदी चोरी करने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई।

वर्ष 2016 में आरोपी फारूक द्वारा पर्स व नकदी चोरी करने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना हापुड़ नगर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में बुधवार को न्यायालय द्वारा फारुख पुत्र निजामुद्दीन निवासी मौ पीर बाऊदीन थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ को दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गयी अवधि 05 माह 19 दिवस की सजा से दण्डित किया गया है।

# एएसपी ने दंगा नियंत्रण योजना के तहत पुलिस कर्मियों के साथ की गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में आकस्मिक हालात में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार को थाना हापुड़ नगर में एएसपी ने दंगा नियंत्रण योजना के तहत पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी की।

बैठक में दंगा नियंत्रण के दौरान बरती जाने वाली सतर्कता और उपद्रवियों से सख्ती से निपटने पर चर्चा की गई। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को दंगा नियंत्रण के दौरान प्रभावी ढंग से काम करने के लिए तैयार करना था। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में दंगा नियंत्रण के दौरान बरती जाने वाली सतर्कता, उपद्रवियों से सख्ती से निपटने के तरीके और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि यह गोष्ठी दंगा नियंत्रण के लिए पुलिस विभाग की तैयारियों का हिस्सा है और यह सुनिश्चित करने के लिए आयोजित की गई है कि पुलिस बल दंगा नियंत्रण के दौरान प्रभावी ढंग से काम कर सके। इस दौरान नगर पुलिस क्षेत्रधिकारी जितेंद्र कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप समेत उपनिरीक्षक मौजूद रहे।



# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को जिला व शहर कांग्रेस जनों ने स्वर्ग आश्रम रोड स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान कांग्रेस जनों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें याद किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि राजीव गांधी ने 18 वर्ष की अवस्था में युवाओं को मतदान करने का अधिकार दिया, देश में पंचवर्षीय योजनाओं का निर्माण भी राजीव गांधी ने किया था। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं के हाथ में मोबाइल दिया, उन्हें कंप्यूटर दिया। देश में जगह जगह एटीएम लगवाए। अपनी दूरदर्शिता और उनकी इच्छाशक्ति के चलते आज देश कामयाबी की ओर लगातार आगे बढ़ रहा हैं। इस दौरान पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व पीसीसी सदस्य नवरत्न त्यागी, वरिष्ठ कांग्रेसी रामप्रसाद जाटव, रघुवीर सिंह एडवोकेट, जस्सा सिंह, आफताब प्रधान सुंदर सिंह राणा, वीर सिंह राणा , चंद्रपाल सिंह राणा प्रधान, राजेश राणा, आनंद राणा, विशाल आदि मौजूद रहे।



# मेहनत व लगन से पढ़ने वाले छात्रों को डीएम का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के अनवरपुर में स्थित मोनार्ड यूनिवर्सिटी में फर्जी डिग्रियों को बेचने के मामले में चेयरमैन सहित 11 लोगों के जेल जाने व मान्यता समाप्त करने की संस्तुति के बाद यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे छात्रों व अभिभावकों की घबराहट को देखते हुए डीएम अभिषेक पाण्डेय ने छात्रों व अभिभावकों को परेशान ना होने की बात कही है।

डीएम ने कहा कि वास्तविक पढ़ाई कर रहे छात्रों को कोई परेशानी नहीं होने दी जायेगी। केवल फर्जी डिग्री धारकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। मोनाड यूनिवर्सिटी में एसटीएफ की छापेमारी के बाद दो हजार फर्जी डिग्री व मार्कशीट बनाने का भंडाफोड़ होने के बाद पुलिस ने चेयरमैन बिजेंद्र सिंह सहित 11 लोगों को जेल भेज दिया तथा भारी मात्रा में नगदी व फर्जी डिग्री, मार्कशीट व अन्य सामान बरामद किया था। डीएम व एसपी द्वारा उच्च शिक्षा सचिव को यूनिवर्सिटी की मान्यता समाप्त करने की संस्तुति के बाद यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे छात्रों व अभिभावकों में हड़कंप मच गया और भविष्य को लेकर चिंतित हो गए। जिसको लेकर डीएम अभिषेक पांडेय ने कहा कि छात्रों व अभिभावको को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। वास्तविक छात्रों की पढ़ाई जारी रहेगी और जरूरत पड़ी, तो उन्हें आसपास के विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। उधर मोनाड यूनिवर्सिटी में 20 मई से शुरू होने वाली परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। इसकी जानकारी भी छात्रों को नहीं दी गई। मोनाड यूनिवर्सिटी से स्नातक, डिप्लोमा करने वाले बहुत से अभ्यर्थी सरकारी, गैर सरकारी नौकरियों में हैं। फर्जी डिग्री का खुलासा होने के बाद अब ऐसे अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन के लिए यूनिवर्सिटी पहुंच रहे हैं। विभिन्न प्रदेशों में सरकारी नौकरी करने वालों के प्रमाण पत्र भी सत्यापन के लिए यूनिवर्सिटी भेजे गए हैं। लेकिन उनमें अधिकांश का सत्यापन अभी तक नहीं हुआ है। इससे अभ्यर्थियों की धड़कने बढ़ने लगी हैं।



## आवश्यता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

चांद मियां

जिला प्रभारी, शाह टाइम्स

जनपद हापुड़

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# नरपतनगर दूंदावाला में चेयरमैन के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा शौर्य यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** बुधवार नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली। यह यात्रा चेयरमैन खालिद अली के नेतृत्व में पेट्रोल पम्प से शुरू होकर नगर से घूमकर नगर पंचायत कार्यालय पहुची, जहां बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस यात्रा में मुख्य अतिथि रहे डॉ महेश मौर्य और संयोजक रहे मुकुट लाल। भारत माता की जय तथा भारतीय सेना के पराक्रम के नारे लगाए।

देश की रक्षा कर रहे वीर सैनिकों के पराक्रम तथा वीरता को याद किया तथा सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह के शौर्य और बहादुरी का जिक्र किया। आपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के अधिकारियों तथा जवानों का आभार व्यक्त किया।

कहा कि भारत माता का शीश सेना के जवानों ने कभी झुकने नहीं दिया है। उन्होंने देश के सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ



महेश कुमार मौर्या ,देवेन्द्र दिवाकर मण्डल अध्यक्ष ,मुकुट लाल , लक्ष्मी कांत सैनी, महेन्द्र सैनी, डोली रंधावा, अमृता रंधावा, एडवोकेट दिलीप अरोरा, मोहम्मद आसिफ, सभासद सैलेंद्र कुमार चन्द्रा, अरमान अली , मोहम्मद अकरम, इमरान अंसारी, नफीस अहमद, अतर सिंह, विनेश मौर्य, हाफिज इश्तियाक, मोहम्मद हसन, मेहराजुद्दीन आदि के साथ सौकड़ों लोग मौजूद रहे ।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शाहबाद नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा नगर के मोहल्ला कानूनगोयान गमादेवत मंदिर से बिजलीघर मंदिर तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में कार्यकर्ताओं ने जोश से भरे नारा लगाते हुए भ्रमण किया। भारत माता के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। मौके पर ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए भारतीय सेना के वीर जवानों को नमन किया गया। तिरंगा यात्रा में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर, सुमित भटनागर, एम.एल.सी. प्रतिनिधि महेश गुप्ता,वेदप्रकाश चंद्रवंशी,राजू गुप्ता, शिवम बजरंगी, रेनू श्रीवास्तव, भाजपा युवा मोर्चा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी विशाल जोशी,प्रवीण शर्मा, रविकरन बाजपाई, चमनमियां, बिट्टू भटनागर आदि मौजूद रहे।

# दो नफर वारंटी को किया गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 2 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मंगलवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी रामप्रसाद पुत्र भजन लाल निवासी नरपत नगर,2 जोगेंद्र सिंह पुत्र चन्दर सैन निवासी नरपत नगर को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ.नि. रामनरेश संह. है.का.संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने एसडीएम को किया सम्मानित

( इकरार हुसैन )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने हिमांशु उप जिलाधिकारी तहसीलदार और नायब तहसीलदार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके कार्यालय पर पहुंचकर सम्मानित किया।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ता आज तहसील पहुंचे कोतवाली और वहां पहुंचकर सुनील कुमार उपजिलाधिकारी मिलक, सीमा गंगवार तहसीलदार मिलक एवं अंकित अवस्थी नायब तहसीलदार मिलक को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद बताया कि तहसील मिलक में सुनील कुमार उपजिलाधिकारी मिलक के नेतृत्व



में सम्पूर्ण तहसील में निरंतर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जा रहा है।

किसी के साथ कोई भेद भाव नहीं होता है सभी का नियमानुसार जो कार्य किया जाना संभव है उसे तत्काल कराए जाने का प्रयास किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद रामपुर अपने तीनों सम्मानित अधिकारी बंधुओं का हृदय से आभारी है। और आने वाले समय में भी इसी प्रकार से तहसील मिलक में सभी सम्मानित अधिकारियों द्वारा कार्य किया जाता रहेगा ऐसा हमें भरोसा है।

# मारपीट और धमकी देने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक /रामपुर।** मारपीट करने जान से मारने की धमकी को लेकर दो नामजद और दो अज्ञात सहित चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है कोतवाली क्षेत्र के कपनेरी गांव निवासी हिमांशु ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें कहा कि 16 मई को लेखराज के घर पर मंडप कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें दावत खाने गए। हिमांशु के साथ पुरानी रंजिश को लेकर सुधीर कुमार उर्फ सुनील कुमार सुमित कुमार सहित दो अज्ञात व्यक्तियों ने गाली गलौज करने लगे हिमांशु ने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने मिलकर हिमांशु के साथ मारपीट शुरू कर दी जिसमें हिमांशु गंभीर



रूप से घायल हो गए। इस संबंध में हिमांशु ने कोतवाली में तहरीर दी तहरीर के आधार पर कई धारा में रिपोर्ट दर्ज हुई प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी के द्वारा कराई जा रही है।

# ग्रामीणों ने सड़क में घटिया सामग्री लगाने पर किया प्रदर्शन

( विशाल जोशी )
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** 23 लाख रुपए की लागत से मधुकर- खेड़ा सड़क का नवीकरण का कार्य चल रहा है। बुधवार को खेड़ा और पैगंबरपुर के ग्रामीणों ने सड़क में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए सड़क पर खड़े होकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने जिम्मेदारों के खिलाफ नारेबाजी भी की। ग्रामीणों ने सड़क को हाथों से उखाड़कर सड़क निर्माण में मिट्टी और घटिया सामग्री मिली होने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क डालते ही उखड़ने लगी है और बरसात तक इसका रुकना बहुत मुश्किल है। ग्रामीणों ने सड़क पर डाले जा रहे हॉटमिक्स में घटिया सामग्री लगाए जाने पर जमकर नारा. जगी व्यक्त की। बताते चले कि मधुकर-खेड़ा मार्ग पर लगभग 2300 मीटर नवीकरण के कार्य में



23 लाख रुपए की लागत आएगी। जेई ने बताया कि सड़क नवीकरण में मानक के अनुसार कार्य किया जा रहा है। सड़क पर प्रदर्शन करने वालों में दिनेश यादव, नेक सिंह चौधरी, मुकेश, सचिन, राजीव, विनीत, कृष्णपाल, उपेंद्र,अंकित आदि रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया शरबत वितरण एवं गोष्ठी का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहाबाद/ रामपुर।** कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पुण्यतिथि पर शरबत वितरण कर किया गोष्ठी का आयोजन ,पूर्व प्रधानमंत्री की जीवन पर डाला प्रकाश। बुधवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शाहबाद के बड़ा गांव चौराहे पर कांग्रेसियों ने शरबत वितरण किया और गोष्ठी का आयोजन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

जिला पंचायत सदस्य नुसरत बैग के आवास पर राजीव गांधी की याद में एक गोष्ठी का आयेजन किया गया। इस अवसर पर नुसरत बैग ने बताया कि राजीव गांधी ने देश को बहुत सारी उपलब्धियां दी जिसमें सबसे महत्वपूर्ण हे कंप्यूटर क्रांति राजीव गांधी को ही देश में कंप्यूटर लाने का श्रेय जाता हे और साथ ही साथ देश में दो बड़ी टेलीकॉम कंपनिया एमटीएनएल और बीएसएनएल की शुरुआत भी उन्हीं के कार्यकाल में हुई थी। देश में पंचायत राज का जनक भी राजीव गांधी जी को माना जाता हे उनका मानना था कि जब तक पंचायती राज व्यवस्था सबल नहीं होगी तब तक निचले स्तर तक लोकतंत्र नहीं पहुंच सकता।

उन्होंने अपने कार्यकाल में पंचायतीराज व्यवस्था का पूरा प्रस्ताव तैयार किया। इस दौरान यूथ कांग्रेस के नगर अध्यक्ष शाजमान आर्यन ने कहा कि देश में पहले 21 वर्ष की आयु मे ही लोगो को वोट देने का अधिकार था परंतु राजीव ने 18 वर्ष की उम्र के युवाओं को मताधिकार देकर उन्हें देश के प्रति ओर जिम्मेदार ओर सशक्त बनाने की पहल की थी।

इस दौरान शाहवेज खान, बाबू फौजी कामरान खान, शप्पू अंसारी, तौफीक आलम, सोहन सिंह ,मनोज



यादव, अमरेंद्र चौधरी, फारुख अली समेत कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों से प्रभारी निरीक्षक ने की बातचीत दिलाया सुरक्षा का भरोसा

( विशाल जोशी )
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देशन में शाहबाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन वॉक थ्रू चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रात:काल टहलने जाने वाली नगर की जनता से संपर्क कर उन्हें अपराधों पर नियंत्रण के लिए कुछ टिप्स दिए गए और सहयोग की अपेक्षा भी की गई। आपको बता दे कि ऑपरेशन वॉकथ्रू एक प्रकार की प्रशिक्षण विधि है जिसमें किसी विशेष कार्य या परियोजना को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई जाती है और उन चरणों को पूरा करने के लिए आवश्यक कदमों को निर्धारित किया जाता है इस ऑपरेशन से प्रशासन को अपने लक्ष्यों को अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करने में भी मदद मिलती है और लोगों को भी शांतमय माहौल प्राप्त होता है।




# हिस्ट्रीशीटर के डर से गांव छोड़कर गया परिवार 6 दिन बाद वापस लौटा

## पटवाई थाना क्षेत्र के मढ़ौली मझरा गांव का मामला

शाह टाइम्स संवाददाता

**पटवाई/रामपुर।** 16 मई को हिस्ट्रीशीटर से डरा हुआ परिवार बुधवार को अपने घर वापस लौट आया है। परिवार पुलिस की मौजूदगी में गांव पहुंचा है। गांव में दो पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। पटवाई क्षेत्र के मंडोली गांव निवासी तेजपाल अपने परिवार के साथ 16 मई को गांव छोड़कर चले गए थे। उनका आरोप था गांव में एक हिस्ट्री सीटर है। जिसने हत्या भी कर दी थी। वह जेल भी जा चुका है। कुछ दिन पहले उसकी भैंस मर गई थी। जिसके बाद किसी तांत्रिक ने उसे बताया कि तेरी भैंस तेजपाल ने जहर देकर मारी है। आरोप है हिस्ट्रीशीटर तेजपाल के घर तमंचा लेकर घुस गया था। शोर सरावा करने पर वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। तेजपाल



घटना के डर से परिवार सहित गांव छोड़ कर चला गया था। 6 दिन बीत जाने के बाद बुधवार को पुलिस अपनी मौजूदगी में तेजपाल के परिवार को घर ले आई है। थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया तेजपाल के परिवार को पुलिस की मौजूदगी में गांव छोड़ दिया गया है। अब किसी तरह की कोई बात नहीं है। दो पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगा दी गई है।

# अतिक्रमण का शिकार बिलारी चौराहा

## सड़क पर वाहन खड़ा कर करते हैं काम ,जिससे बनती हैं जाम की स्थिति

( विशाल जोशी )
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** क्षेत्र में वैसे तो सभी चौराहे से अतिक्रमण हट चुका हैं। लेकिन शाहबाद बिलारी चौराहे पर बिलारी रोड के निकट की जगह अतिक्रमण का शिकार है। यहां पर लोगो ने सड़क किनारे अतिक्रमण कर रखा हैं। यहां अतिक्रमण कर कार, ट्रेक्टर के टायर पिंचर वाले सड़क पर वाहन खड़ाकर काम करते हैं जिससे जाम के साथ साथ हादसा होने की भी आशंका रहती हैं।

लेकिन सोचने वाली बात यह हैं कि इस सड़क से जिले से लेकर तहसील क्षेत्र के अधिकारी गुजरते हैं लेकिन यह सब देखने के बाद भी यहां अतिक्रमण पर कार्यवाही नही कर पाते हैं। इस मामले में नगर



पंचायत ईओ से फोन के माध्यम से बात करने की कोशिश की गई लेकिन ईओ नगर पंचायत का फोन नही उठ पाया।

# हाइवे पर कार की टक्कर से मां की मौत, बेटी घायल

## घटना के बाद भाग रहे चालक को दबोचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। हाइवे पार कर रहीं मां-बेटी को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में मां की मौत हो गयी जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने दौड़कर कार चालक को पकड़ लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर में किसान मुन्ने खां का परिवार रहता है। उनके परिवार में 60 वर्षीय पत्नी राजदा के अलावा तीन बेटे और दो बेटियां हैं। परिजनों के मुताबिक बुधवार को राजदा अपनी बेटी गुलेराना को साथ लेकर दवाई लेने मुरादाबाद गई थीं। दोपहर में दोनों मां-बेटी बस में सवार होकर चौधरपुर तक पहुंची। यहां बस से उतरकर घर की ओर जाने के लिए दोनों सड़क पार कर रही थीं। उसी दौरान मुरादाबाद दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मां- बेटी हवा में उछलकर दूर जाकर गिरी। हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़ में शामिल लोगों ने घायल मां-बेटी को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने राजदा को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल गुलेराना का उपचार चल रहा है। उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जांच-पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि हादसा अंजाम देकर भागे कार के चालक को पकड़ लिया है। कार पर हिमांचल प्रदेश की नंबर प्लेट लगी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले में जांच की जा रही है। परि. जनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय सेना के सम्मान में निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता,

**नौगावां सादात**। नौगांवा विधानसभा में पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल के नेतृत्व में ग्राम रसूलपुर में 'शौर्य तिरंगा यात्रा' निकाली गई। कारगिल युद्ध में शहीद अरविंद सिंह

### ■ पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल ने किया शुभारंभ



के चित्र पर पुष्प अर्पित करके यात्रा प्रारंभ हुई। यांत्रा यहां से प्रारंभ होकर अतरासी चौकी चौराहा के पास आनंदपुर सत्संग भवन रसूलपुर में समाप्त हुई। पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल ने कहा कि, हमारी भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान के घर में घुसकर आंत. कवाद के अड्डों को समाप्त करने का काम किया है।। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साख वैश्विक स्तर पर बढ़ी है। दुनिया यह समझ चुकी है कि आज का भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारता है। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने भी भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा की। यात्रा के दौरान तिरंगे लहराते रहे। इस मौके पर हेमसिंह आर्य, गिरीश त्यागी, पूरन सिंह सैनी, चंद्रभान भाटी, जिला मंत्री सुधीर चौहान, पूर्व महामंत्री युद्धवीर सिंह, राजीव चौधरी, आलोक चौहान, अमित शर्मा, रामनिवास गोला, भगवनत चौहान, पवनीत दिवाकर, सुरेंद्र सिंह स्टेट, रामचंद्र गुर्जर, धर्मेंद्र चौधरी, विनोद गुर्जर, गौरव प्रधान, महिपाल सिंह, डॉ. एलसी गहलौत, मनमोहन सिंह सेन, सुरजीत सिरोही, प्रमोद अलोना, प्रदीप वर्मा मौजूद रहे।

# चीनी मिल कर्मी ने फांसी लगाकर जान दी

## परिजनों में मचा कोहराम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। चीनी मिल कर्मी ने फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे परि. जनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर गर्वी में पेशे से किसान अनिल कुमार का परिवार रहता है। उनका 35 वर्षीय बेटा गौरव बीते पांच साल से संभल जिले की असमोली चीनी मिल में पाइपलाइन फीडर के पद पर नौकरी कर रहा था। उसके परिवार में पत्नी प्रीति के अलावा तीन बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि बीते कई दिन से गौरव का स्वास्थ्य काफी खराब चल रहा था लिहाजा उसने मिल से छुट्टी ले रखी थी। तबियत में सुधार होने पर गौरव बुधवार सुबह ड्यूटी के लिए चीनी मिल गया था लेकिन समय से पहले दोपहर में ही घर वापस लौट आया। चेहरे पर झलकी उदासी देख परिजनों ने जब इसका कारण पूछा तो उसने सिर्फ इतना ही कहा कि मैं अब जिंदा नहीं रहूंगा, ये बात कहकर गौरव सीधा अपने कमरे में चला गया और फांसी लगाकर जान दे दी। काफी देर तक कोई आहट नहीं होने पर परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो छत पर लगे कुंडे के सहारे गौरव का शव फंदे पर लटका मिला। नजारा देख परिजनों के होश उड़ गए। थोड़ी देर में घर में लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मृतक गौरव के परिजनों ने चीनी मिल अधिकारियों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए गए हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवक पर मौत बनकर गिरा विद्युत लाइन का तार

## पुलिस ने शव का पीएम करा परिजनों को सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रहरा**। विद्युत लाइन का तार टूटकर युवक पर गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



घटना रहरा थाना क्षेत्र के गांव लालपुर की है। गांव में सतपाल पुत्र लेखराज का परिवार रहता है। बताया जाता है कि इनके घर के आगे से विद्युत लाइन गुजर रही है। आज जब सतपाल घर से बाहर आया तो ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन का तार टूटकर उसके ऊपर गिर गया। जिससे उसे जोर का करंट लगा तथा मौके पर ही सतपाल (28) की मौत हो गयी। मौत से घर में कोहराम मच गया। किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गांव पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक ने अपने पीछे पत्नी प्रियंका देवी, एक लड़की व एक लड़का रोते बिलखते छोड़ा है। पीएम के लिए शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

# छात्र के खाते से उड़ाए 3.80 लाख रुपये

## टेलीग्राम पर इन्वेस्टमेंट का दिया झांसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। साइबर अपराधियों ने टेलीग्राम पर इन्वेस्टमेंट की लुभावनी स्कीम का लिंक भेजकर छात्र के खाते से 3.80 लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़ित छात्र की शिकायत पर मामले में साइबर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पंजाब के जिला फरीदकोट निवासी गौरव जसूजा रजबपुर क्षेत्र में हाईवे स्थित वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी से पीजी की पढ़ाई कर रहा है तथा हॉस्टल में ही रहता है। बीती 27 जनवरी को गौरव जसूजा को टेलीग्राम आईडी पर एक लिंक मिला था। जिसमें इन्वेस्टमेंट से जुड़ी लुभावनी स्कीम का ऑफर था। गौरव साइबर अपराधियों की चाल को नहीं समझ पाया, लिंक पर क्लिक करते ही उसके खाते से 3.80 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए। अगले ही मिनट बैंक से पैसे निकलने का अलर्ट मैसेज मिलते ही गौरव के होश उड़ गए। तुरंत ही बैंक के टोल फ्री नंबर पर काल कर खाते से लेनदेन पर रोक लगवा दी और बाद में साइबर अपराध से जुड़े हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। पैसे एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर हो चुके थे। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# दो किसानों के घर से लाखों की चोरी

## रिपोर्ट दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। दो किसानों के घर में घुसे चोरों ने नकदी-जेवरात समेत लाखों रुपये की कीमत का सामान समेट लिया। पीड़ित किसानों को चोरी की जानकारी अगले दिन सुबह में जागने पर हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना किया। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव पिलक सराय की है। यहां किसान यामीन खान का परिवार रहता है। सोमवार रात परिवार के सभी सदस्य आंगन में सो रहे थे। रात में किसी समय चोर दीवार फांदकर घर में दाखिल हो गए। किसान के बेटे रशीद के कमरे में घुसकर सोने-चांदी की जेवरात और 15 हजार रुपये चोरी कर लिए। इसके बाद चोरों ने पड़ोस में रहने वाले किसान रवि कुमार के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। यहां से सोने-चांदी के जेवरात समेत 10 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर लिया। दोनों परिवार के लोगों को घटना की जानकारी मंगलवार सुबह जागने पर हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जांच-पड़ताल कर चोरी हुए सामान की जानकारी जुटाई। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने जल्दी खुलासा करने की बात कही।

# चोर को तीन साल दस माह की सजा

## कोर्ट ने पांच हजार का जुर्माना भी लगाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। दुकानों में चोरी करने वाले संभल के युवक को अदालत ने तीन साल 10 महीने जेल की सजा सुनाई। दोषी कर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

घटना साल 2021 की थी। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव नसीरपुर निवासी सोनू कुमार की क्षेत्र में ही झकड़ी अड्डे पर पशु आहार और कृषि उपकरण की दुकान है जबकि गांव भटोला शर्की निवासी अमित कुमार यहीं पर मिनी बैंक चलाते हैं। इसके अलावा गांव मुबारकपुर कलां की रहने वाली संजना की कॉस्मेटिक की दुकान है। 15 जून 2021 की शाम में सभी रोजाना की तरह अपनी-अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब तीनों दुकान पर पहुंचे तो शटर टूटे हुए मिले। चोरों ने सोनू कुमार की दुकान से गैस सिलेंडर और ढाई हजार रुपये चोरी किए थे। वहीं, अमित कुमार की दुकान से पांच हजार रुपये तथा संजना की दुकान से दो हजार रुपये की नकदी व अन्य सामान चोरी किया था। तीनों दुकानों में हुई चोरी की घटना में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। बाद में पुलिस ने संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला हिलाली सराय के रहने वाले रिजवान कुरैशी को गिरफ्तार कर चालान किया था। मामला अदालत में विचाराधीन था। मंगलवार को मुकदमे में आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने रिजवान कुरैशी को दोषी करार दिया। तीन साल 10 महीने की जेल की सजा सुनाई तथा पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# बच्चों के मानसिक विकास के लिए समर कैम्प जरूरी

## अभिभावक कैम्प जरूर भेजे बच्चे:डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि बच्चों के मान. सिक व शारीरिक विकास के लिये समर कैम्प जरूरी है। अभिभावक अपने बच्चों को इन कैम्प में जरूर भेजे।



डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जोया ब्लाक के पचौकरा स्थित पीएम श्री विद्यालय में आयोजित समर कैम्प का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की गतिविधियों पर नजर डाली। जबकि बच्चों ने योग क्रिया, कहानी,दौड़ आदि से सभी का दिल जीत लिया। योग क्रिया में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को डीएम ने स्टेशनरी भेंट की। जबकि आठ बच्चों की टोलियां बनाकर समूह में सभी एक्टिविटी कराई। डीएम ने कहा कि बच्चे प्रतिदिन समर कैम्प में आकर मन लगाकर यहां होने वाली एक्टिविटी पर ध्यान दें। इससे उनमें सामाजिक कौशल का विकास होगा। जबकि खेल-खेल में सीखने की प्रवृत्ति विकसित होगी। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान करते कहा कि वह अपने बच्चों को समर कैम्प में जरूर भेजे। क्योकि यह मानसिक व शारीरिक विकास के लिये काफी फायदेमंद है। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने बच्चों को दूसरो का सम्मान करने की सीख दी।

# दहेज के लिए विवाहिता को किया प्रताड़ित

## पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। दहेज को लेकर विवा. हिता को ससुराल में प्रताड़ित किया गया। मारपीट कर घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर लिया। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सईदाबाद निवासी गौहर अली ने पांच साल पहले अपनी बेटी निशा की शादी संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी कासिम के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में निशा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। इस दौरान निशा ने दो बच्चों को भी जन्म दिया।आरोप है कि इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग मायके से बाइक व एक प्लाट दिलाने का दबाव बनाते थे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। आखिर में मांग पूरी नहीं होते देख निशा को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले में पति कासिम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# फोटोग्राफर पर फायर झोंका, चार पर रिपोर्ट

## एक आरोपी को भेजा जेल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। फोटोग्राफर पर जानलेवा हमला कर दिया। पहले उनके साथ मारपीट की और बाद में जान से मारने की नियत से गोली चला दी। गनीमत रही फोटोग्राफर बार-बार बच गए। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। बाद में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के बुढनपुर गांव में प्रेमशंकर का परिवार रहता है। पुलिस के मुताबिक प्रेमशंकर गांव के अड्डे पर फोटो स्टूडियो चलते हैं। 20 मई के शाम पांच बजे वह अपनी दुकान पर काम कर रहे थे। तभी भुवनेश्वर, नमन और बुढनपुर गांव के रहने वाले सचिन व अज्ञात युवक के साथ दुकान पर आए। यहां फोन चार्जिंग को लेकर मारपीट करने लगे। प्रेमशंकर ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। आरोप है कि शाम को करीब आठ बजे प्रेम शंकर अपनी दुकान के बाहर खड़े थे, तभी आरोपियों ने ओवरब्रिज के ऊपर से जान से करने के लिए से गोली चला दी। इस हमले में प्रेम शंकर बार-बार बच गए। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि मामले में भुवनेश्वर, नमन, सचिन और एक अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाद में आरोपी सचिन को गिरफ्तार का न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

# ट्रक से भिड़ी कार, चालक घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैदनगली**। कार व ट्रक की आमने सामने की टक्कर में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।

जानकारी के अनुसार संभल जनपद के अचोड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर निवासी कृष्ण कुमार गजरौला से बैलेनो कार लेकर घर लौट रहा था। ढक्का मोड़ के पास संभल की ओर से आ रहे ट्रक की कार से जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी तथा चालक कृष्णपाल घायल हो गया। लोगों ने घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे रैफर किया गया है। पुलिस ने दोनों वाहन कब्जे में ले लिये हैं।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के साथ नोकझोंक

## ईओ ने आरोपियों के खिलाफ दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा**। नगर पालिका की टीम के साथ अभद्रता गाली गलौज और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में नगर पालिका प्रशासन ने थाने में तहरीर दी हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा नाले नालियों की सफाई फुटपाथ पर हुए अतिक्रमण को हटाने को लेकर बुधवार को अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पालिका टीम के साथ अभद्रता की गई। इस मामले मे पालिका प्रशासन ने नगर पालिका टीम के साथ कुछ लोगो द्वारा अभद्रता करने सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में पुलिस को तहरीर दी है।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा पुलिस को दी तहरीर में बताया गया हैं कि नगरपालिका प्रशासन द्वारा वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगर में नाले पर रखे स्लैब को हटाकर नाले व नालियों की साफ सफाई के लिए अभियान चलाया जा रहा हैं। बुधवार को नगर पालिका के सरकारी कर्मचारियों द्वारा नाल नालियों की साफ सफाई वह फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा किए गए हैं अस्थायी अतिक्रमण को हटाने का काम किया जा रहा था। आरोप हैं कि नगर पालिका की कार्यवाही के दौरान बाईपास रोड पर मोहल्ला कटरा वार्ड नौ व 15 में स्थित कुछ दुकानदारों मेरठ चिकन फ्राई, अल चिकन फ्राई, मदीना नाहरी सेंटर, कमल सैनी ढाबा, महक चिकन पॉइंट, पंकज ट्रेडर्स, उदय ट्रेडर्स, ओपी प्रिंटर्स प्रेस, अब्दुल करीम एण्ड सन्स, विशाल बैटरी हाउस, फुरकान पुत्र महबूब जूस कॉर्नर, इशरत अली महक चिकन प्वाइंट व कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा व नाला सफाई कर्मियों से गाली गलौज और अभद्रता की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया वह कोर्ट एवीडेंस में बाहर है मामला संज्ञान में नही है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# चित्रों के माध्यम से किया आतंकवाद पर कटाक्ष




शाह टाइम्स संवाददाता

**जोया**। एएसएम मार्डन एकेडमी में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। कक्षा आठ की छात्राओं ने आतंकवाद विरोधी नारे, चित्रों व प्रतीक पट्टिकाओं से प्रदर्शन कर सभी को आतंकवाद के खिलाफ जागरूक किया। प्रधानाचार्य आभा रस्तौगी ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह द्वारा मनाने की सीख दी गयी थी। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद हर साल आतंकवाद दिवस मनाया जाता है। उन्होने युवाओं का आह्वान करते कहा कि वह अपनी सोच हमेशा सकारात्मक रखें। उन्होने कहा कि देश पर कभी आतंकवाद की छाया नहीं पड़नी चाहिए। संजीव कुमार एवं देवेन्द्र सिंह ने कहा कि मानवता को जीवित रखने के लिए आतंकवाद का खात्मा जरूरी है। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट रविन्द्र कुमार, हुमा परवीन, विरेन्द्र कुमार, वेदपाल सिंह, आरती, गीता रस्तौगी आदि शामिल रहे।

# सामान खरीदते समय वस्तु की गुणवत्ता परखें

## भारतीय मानक ब्यूरो ने छात्रों को किया जागरुक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा**। बुधवार को फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर लोहारा में भारतीय मानक ब्यूरो गाजियाबाद द्वारा छात्र-छात्राओं को उत्पाद खरीदते समय उसकी गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया। कहा कोई भी उत्पाद या वस्तु बाजार से खरीदते तो आईएसआई चिन्ह देखकर ही वस्तु की गुणवत्ता पर भरोसा करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अधिकारी प्रियांशु कुमार ने बहुत ही गहनता से बच्चों को सुरक्षा उपाय और जांचने के बारे में समझाया बाद में एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जिसमें विज्ञान वर्ग के छात्रों को बहुविकल्पीय प्रश्नों की परीक्षा कराई जिसमें लविश कुमार व तनु यादव प्रथम, सलोनी और खुशी शर्मा द्वितीय, कनक् खारी और खुशी यादव सामूहिक रूप से रहे तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य देवव्रत




यादव ने मुख्य अतिथि प्रियांशु कुमार को बुके देकर स्वागत किया एवं छात्र छात्राओं से उनके द्वारा बताए हुए सुरक्षा मानकों पर अपने परिवार जनों को जागरूक करने के लिए कहा।

# कुमरेश बने रहरा थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद ने कुमरेश त्यागी को रहरा का नया थानाध्यक्ष बनाया है। रहरा के थानाध्यक्ष सुक्रमपाल राणा का तबादला बिजनौर जिले के लिए हो गया है। लिहाजा बुधवार को एसपी ने उन्हें रहरा थाने से हटाते हुए रवानगी पुलिस लाइन कर दी। उनके स्थान पर समन सेल प्रभारी कुमरेश त्यागी को रहरा का नया थानाध्यक्ष बनाया है। वहीं, टीएसआई धर्मेंद्र खोखर को हटा कर उनके स्थान पर मंडी धनौरा की कस्बा चौकी प्रभारी अनुज कुमार मलिक को टीएसआई की जिम्मेदारी दी है। जबकि धर्मेंद्र खोखर को समन सेल प्रभारी बनाया है हालांकि उनका तबादला भी बिजनौर जिले के लिए हो गया है।

# कौशिक विजडम प्रीस्कूल में समर कैंप का शुभारंभ



## बच्चों ने पहले दिन सीखें थ्रेड पेंटिंग, क्ले मोल्डिंग एवं डांस

**पीलीभीत।** कौशिक विजडम प्रीस्कूल में मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक एवं प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने फीता काटकर पांच दिवसीय समर कैंप का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों को शिक्षिकाएं रितिका गंगवार एवं एवं असलेना परवीन ने ग्रुप ए के बच्चों को क्ले मोल्डिंग सिखाई। शिक्षिकाएं फेरी अंसारी एवं चारू सिंह ने ग्रुप बी के बच्चों को क्ले मोल्डिंग सिखाई। उसके बाद डांस टीचर साक्षी वर्मा ने बच्चों को डांस सिखाया इसी के साथ–साथ बच्चों ने थ्रेड पेंटिंग भी सीखी। समर कैंप में वेदांत वर्मा, आरना, अक्शा, करीमा, उस्मान, वेदांत चावला, ओजस अग्रवाल, मोहम्मद आमिर, भूविका कौशिक, वर्णिका बालियान, अभिराग सहगल, इज़ान शम्सी, लक्ष्य, रुद्रांश शर्मा, आरोही अरोड़ा, तृषिका शर्मा, अभिराग बाजपेई, वर्णित गौर, रितिका गंग. वार, शिवाय सिंह राठौर, प्रथम वर्मा आदि नन्हे मुन्ने बच्चों ने समर कैम्प में प्रतिभा किया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक ने कहा इस तरीके की एक्टिविटीज से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इसीलिए विद्यालय समय–समय पर इस तरीके की को करिकुलर एक्टिविटीज को एकेडमिक्स के साथ–साथ आयोजित करता रहता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने अपने स्कूल के सभी शिक्षिकाओं को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा की कौशिक विजडम फ्री स्कूल में प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी हमारा प्रत्येक टीचर बखूबी निभा रहा है और हमारा विश्वास है की आने वाले समय में हमारे स्कूल के बच्चे समाज के लिए एक सशक्त, समझदार एवं जिम्मेदार नागरिक बनकर उभरेंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**पीलीभीत।** मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना न्यूरिया और कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाए। इस भीषण हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में को. हराम मचा है। हादसा थाना न्यूरिया क्षेत्र के नए बाईपास पर मंगलवार रात साढ़े 11 बजे हुआ। अज्ञात वाहन की टक्कर से न्यूरिया की ओर जा रहे एक ही बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजीव कुमार सिंह, थाना प्रभारी न्यूरिया सुभाष मावी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तीनों बाइक सवारों को आनन फानन में जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां दो लोगों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि तीसरे युवक ने उपचार के दौरान 1 घंटे बाद दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम बिठोरा खुर्द निवासी अरविन्द पुत्र चेतराम, बरेली जिले के नवाबगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बगनेरा निवासी राजकुमार पुत्र मूलचंद, थाना बरखेड़ा क्षेत्र के कस्बा निवासी पवन पुत्र की नंदलाल के रूप में हुई। थाना प्रभारी न्यूरिया ने बताया तीनों शव के पंचायत राम भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए गए हैं। दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में को. हराम मचा है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## पॉक्सो एक्ट में युवक को 10 साल की सजा

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पीलीभीत पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना/अभियोजन की पैरवी से न्यायालय द्वारा धारा 363,376,366 आईपीसल व 3/4 पॉक्सो एक्ट के अभियोग में अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास व चालीस हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई और अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। अपराध व अपरा. धियों पर अंकुश लगाये जाने एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे "ऑपरेशन कनविक्शन" अभियान के क्रम में 28/9/2017 की घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर धारा 363,376,366 प्च्ब व 3/4 पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। गहन विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्य एवं सुबूत के साथ अभियुक्त फरमान पुत्र फैय्याज नि० खानपुर थाना गंगोह जनपद साहरनपुर के विरुद्ध दिनांक 25/12/2017 को आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय स्पे० पॉक्सो एक्ट, पीलीभीत में पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी से विचारण की कार्यवाही संपन्न हुई और विचारण के दौरान पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में उपलब्ध कराए गए साक्ष्य एवं सुबूत के आधार पर 21 मई को अभियुक्त फरमान उपरोक्त को धारा 363,366 प्च्ब व 4 पॉक्सो एक्ट में दोषसिद्ध पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास व 40 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

# विधवा की झोपड़ी में पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग तीन पशुओं की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** रंजिशन विधवा की झोपड़ी में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इससे वहां बंधे तीन पशुओं की जलकर मौत हो गई अन्य झुलस गए। आग की लपटों से महिला के घर में रखा गृहस्थी लाखों का सामान भी राख हो गया। घटना को लेकर खलबली मच गई। मौके पर जमा लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। घटना से महिला काफी परेशान है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी की रहने वाली विधवा महिला रामवेटी पत्नी स्वर्गीय मनोहर लाल ने बताया वह जरुरी कार्य से गई थी। तभी मंगलवार रात्रि लगभग 11:30 पर उनकी झोपड़ी में आग लगा दी। आग लगने से झोपड़ी में बंधी गाय, बछिया एवं बकरी की जलकर मौत हो गई। झोपड़ी में रखा विधवा महिला का अनाज, चारपाई, बिस्तर सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आरोप है शरारती तत्वों द्वारा झोपड़ी पर पेट्रोल डालकर आग लगाई है।

# खाद्य विभाग की टीम ने पनीर की दो दुकानों से भरे सेम्पल

**कोसीकलां।** खाद्य विभाग की एक टीम ने नगर की डेरियों एवं पनीर, घी बिक्रेताओं के यहां छापामार कार्रवाई की। करीब एक दर्जन टीम ने पनीर, घी बिक्रेताओं की दुकानों से सेंपल लिए। उल्लेखनीय हो कि नगर एवं नगर के आसपास पनीर, दूध एवं देशी घी की डेरियां चल रहीं है। इन्ही डेरियों से लाए गए उक्त खाद्य पदार्थो को ही नगर की दर्जनों दुकानों पर असली का दाबा कर धडल्ले से बेचा रहा हैं, लेकिन विडंबना यह है कि मथुरा से लखनऊ तक की खाद्य पदार्थों की टीम के नगर में दस्तक देने मात्र की खबर से ही बिक्रेता भूमिगत हो जाते हैं। डेरियों पर ताले लग जाते है और ऐसा सन्नाटा पसर जाता है कि मानों यहां इस तरह का कोई कार्य नहीं होता। जानकार मानते हैं कि इससे साफ स्पष्ट है कि उक्त सभी खाद्य पदार्थ नकली बेचा जा रहा है। शिकायतों पर गौर फरमाते हुए खाद्य पदार्थ मथुरा की टीम मंगलवार की दोपहर नगर में पहुंची। सूचना पर बिक्रेताओं में हडकंप मच गया। टीम ने करीब दो दुकानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के सेंपल लिए। अधिकारियों ने बताया कि सभी सेंपल जांच को भेजे जाऐगे। जांच के बाद ही आवश्यक कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। आपको बता दे कि नगर के सब्जी मंडी परशुराम चौक पर सबसे सस्ते रेट में बिक्री की जा रही है जबकि गर्मी के समय मे दूध ही आसमान छू रहा है तो ये पनीर इतना सस्ता कहाँ से लाकर बेच रहे नगर वासियो की शिकायत पर दोनों दुकानों पर कार्यवाही की गई।

# महिला सभा के स्थापना पर हुए कार्यक्रम



**कोसीकलां।** अग्रवाल महिला सभा के दस वर्ष पूर्ण होने पर राजमार्ग स्थित अग्रवाटिका में मंगलवार को स्थापना दिवस मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस क्लब की अध्यक्ष निशा जैन व प्रमुख कारोबारी पीसी जैन ने महाराजा अग्रसेन के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। निशा जैन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में महिलाओं को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। महिला अग्रवाल सभा द्वारा स्थापना दिवस पर किए गए कार्यक्रम बधाई के कोसीकलां स्थित अग्रवाटिका में महिला अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। महिला अग्रवाल सभा कोस. ीकलां की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने अग्र महिलाओं को संस्था से जोड़ने पर बल दिया। महिलाओं को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। लखनऊ में आयोजितअग्र महिलाओं को संस्था से जोड़ने पर दिया गया ब्रज के रँगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र पर प्रस्तुति देकर भावविभोर कर दिया। हर प्रस्तुति की सराहना होती रही और बच्चों का उत्साह बढ़ाया जाता रहा। संचालन मो. निका गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी आनंद लिया और एक–दूसरे को कार्यक्रम के लिए बधाई दी। सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफल किया गया। सचिव मनीषा मित्तल, कोषाध्यक्ष रजनी अग्रवाल, श्वेता जैन, अन्नु अग्रवाल,स्वेता अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, मीडिया प्रभारी प्रीति अग्रवाल, संजू जैन, शैलू अग्रवाल, अलका अग्रवाल, डिंपल अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, बबिता अग्रवाल, रूपल जैन, खुशबू गर्ग, खुशबू अग्रवाल मौजूद रहीं।

# आगरा नहर में महिला–पुरुष के शव दिखने से फैली सनसनी

**dklhdykA** आगरा कैनाल में मंगलवार की सुबह एक महिला एवं पुरूष के शव बहते हुए नजर आए, जिससे सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर जब तक पुलिस पहुंची तब तक दोनों शव थाना क्षेत्र को पार कर बह गए। घटनाक्रम के अनुसार सुबह कोसी रेलवे पुल से गुजर रहे राहगीरों को आगरा कैनाल में महिला एवं पुरूष के शव नजर आए। दोनों शव थोड़ी थोड़ी दूरी पर बह रहे थे।

दोनों शवों को देखते हुए लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। वहां तमाम भीड़ एकत्रित हो गई। लोग वीडियो बनाकर दोनों शवों की पहचान के प्रयासों में जुट थे। पुलिस के पहुंचने से पहले तेजी से बहते हुए पार कर गए थाना क्षेत्र गए। हालांकि जब तक पुलिस दोनों शवों की सूचना पर पहुंची तब तक शव तेजी से बहते हुए थाना क्षेत्र की सीमा से बाहर निकल गए। प्रत्यदर्शियों के अनुसार देखने से प्रतीत हो रहे।

# भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा



**कोसीकलां।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद हर कोई भारतीय सेना के शौर्य और अदम्य साहस की सराहना कर रहा है। इसी साहस को प्रमाण और सेना को सम्मान देने के बुधवार को शहर के बाजार में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

तिरंगा यात्रा का नेतृत्व केबीनेट मंत्री प्रतिनिति नरदेव चौधरी और नगर पालिका अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने किया। तिरंगा यात्रा शहर के पुराना जीटी रोड, मंडल अध्यक्ष अजय गोयंका के कार्यालय से शुरू हुई जो पंजाबी बाजार, सब्जी मंडी, मेन बाजार होते हुए भरतमिलाप चौक पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में युवाओं के जोश और नारों ने वातावरण को पूरी तरह देश भक्ति के रंग में रंग दिया। हर हाथ में तिरंगा और हर दिल में भारतीय सैना के लिए सम्मान दिखाई दिया।

तिरंगा यात्रा के समापन पर मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने कहा कि भारतीय के एयर डिफेंस सिस्टम और मिसाईलों ने पाकिस्तान को खैरात मिले अमे. रिका, चीन, तुर्किए जैसे देश के हथियारों निष्प्रभावी और नष्ट कर दिया। जिससे पाकिस्तान को जबरदस्त नुकसान पहुंचे। सेना ने दिखा दिया कि भारतीय सेना किसी से कम नहीं है। पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पूरी तरह से सुरक्षित है। यात्रा में राजेश घी वाले, विनय उपाध्याय, नेमचंद गर्ग, ठाकुर भानू प्रताप, हरीओम गुप्ता, सतीश बाल्मीकि, सत्तो ठाकुर, , लवली सभासद, गोपाल शर्मा, राजू वकील सहित सैकडों लोग मौजूद थे।

# एमडी जैन पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**कोसी कलां।** बुधवार को एम. डी. जैन पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।

ओमप्रकाश जैन, पदमचन्द जैन विजय कुमार जैन सर्राफ ने संयुक्तरूप से माँ शारदे के चित्रपट के सम्मुख माल्यार्पण एवं दीपप्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिसमें विद्यालय की छात्र–छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य एम.डी. जैन पब्लिक स्कूल व महावीर दिगम्बर जैन पूर्व माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त रूप से कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया गया। पुरूस्कार वितरण कैलाश चन्द जैन चन्दौरिया प्रबन्धक, श्री राजेन्द्र प्रसाद जैन कोषाध्यक्ष, सुभाष चन्द जैन लोहे वाले, गिरीश कुमार जैन, नवीन कुमार जैन, अनिल कुमार जैन द्वारा किया गया। इस बार कक्षा 12 का बोर्ड का परीक्षाफल विद्यालय के लिए बहुत अच्छा रहा है।

अंजलि पुत्री श्री राधेश्याम ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कोसीकलां क्षेत्र में साइंस वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है और पूर्व घोषणा के आधार पर 5100ध– रुपये का नकद पुरूस्कार दिया गया। कक्षा 12 में द्वितीय स्थान आस्था पुत्री संजीव कुमार 95 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान जगद. ीश पुत्र श्री विष्णु 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

कक्षा 10 में हिमांशी पुत्री हीरेन्द्र कुमार शर्मा ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसकी कक्षा 11 की फीस माफ रहेगी। मोनिका शर्मा पुत्री चेतन शर्मा 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसकी कक्षा 11 की आधा शुल्क माफ रहेगा। कक्षा 8 में कुमारी राधिका पांचाल पुत्री लक्ष्मी चन्द ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसकी कक्षा 9 का पूर्ण शुल्क माफ रहेगा। गोरी पुत्री विनोद कुमार जिसने कक्षा 9 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है गत वर्ष कक्षा 8 में प्रथम स्थान प्राप्त करने के कारण जो फीस माफ की घोषणा थी कक्षा में भी पूरी फीस माफ रहेगी।

जनक चौधरी पुत्र श्री वीरेन्द्र सिंह ने कक्षा 11 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है गत वर्ष 10 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शुल्क मुक्त थी इस वर्ष भी पूर्ण शुल्क माफ रहेगा। कक्षा 12 में आस्था ने अंग्रेजी व फुड न्यूट्रिशयन एण्ड डायटिक्स में 100 अंक प्राप्त किये हैं इनको 1100+1100=2200ध– नगद राशि प्रदान की गयी। कक्षा 10 में हिमांशी ने गणित में 100 अंक प्राप्त किये हैं इन्हें 1100ध– नगद राशि प्रदान की गयी। अजंलि ने कम्प्यूटर में जगदीश ने योगा में भावना और खुशी ने फुड न्यूट्रिशयन एण्ड डायटिक्स में 99 अंक प्राप्त किये हैं अतः इन सभी को भी 1100–1100/– रुपये का नगद पुरूस्कार दिया गया। उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं के प्रेरणाश्रोत विद्यालय के अध्यापक–अध्यापिकाओं को भी पुरूस्कृत किया गया। जिसमें कक्षा 12 में अंग्रेजी में 100 अंक श्री नगेन्द्र कुमार पालीवाल के निर्देशन में, फुड न्यूट्रिशयन एण्ड डायटिक्स में 100 अंक एवं दो बच्चों के 99 अंक दर्शन चौधरी और कक्षा 10 गणित में 100 अंक सुरजन सिंह ने अपने शिक्षण कौशल से बच्चों को दिलवाने का प्रयास जो किया है वह सराहनीय है। इसके लिए प्रत्येक को 3100–3100ध– की नगद राशि प्रदान की गयी। कक्षा 12 में कम्प्यूटर में 99 अंक श्री मुकेश कुमार और योगा में 99 अंक यशवीर सिंह के निर्देशन में बच्चों ने प्राप्त किये हैं।

# कमाल: मा. हाईकोर्ट के आदेश भी यहां हो रहे बे–माने

**प्रशासन की मिलीभगत से भूमाफियाओं ने कब्रिस्तान व ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर रातोंरात बना डाली दुकानें मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी के जनरल सेक्रेटरी दिलशाद अली खान ने कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की डीएम एसएसपी एसडीएम तहसीलदार सहित अपर थाना प्रभारी क्राइम से लिखित में की है।**



**टप्पल।** कस्बा टप्पल में लालपुर मोड मोहर्रम मेला प्रांगण के निकट स्थित कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की भूमि पर माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश के विरुद्ध कुछ भूमाफियाओं ने मदीना मस्जिद की आड़ लेकर कब्रिस्तान की कब्र की भूमि एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके दुकान एवं कबाडे की दुकान बना ली है। जिससे मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी के लोगों में अवैध कब्जेधारियों के प्रति रोष व्याप्त है और अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं की शिकायतें जिलाधिकारी अलीगढ़ संजीव रंजन एसएसपी अलीगढ़ संजीव सुमन एसडीएम खैर महिमा राजपूत तहस. ीलदार खैर कृष्ण गोपाल मिश्रा अपर प्रभारी निरीक्षक क्राइम टप्पल जोगेदर सिंह से करते हुए अवैध कब्जा करके बनवाई गई दुकान कबाडे की दुकान को हटबाने की मांग की है। मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी रजिस्टर्ड के जनरल सेक्रेटरी दिलशाद अली खान ने बताया कि कस्बा टप्पल में कब्रिस्तान गाटा संख्या 4287व ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 4417 मोहल्ला काजीपाड़ा में स्थित है, जहां पर मोहर्रम के पावन पर्व के अवसर पर प्रत्येक वर्ष विशाल मेला लगता है। इस मोहर्रम मेले के प्रांगण एवं कब्रिस्तान की भूमि पर समाजवादी पार्टी की सरकार में वर्ष 2012, 2013, 2014 में कुछ सपाइयों ने अवैध कब्जा करके दुकान आदि बनाना चाहते थे, लेकिन मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी के लोगों ने विरोध प्रकट कर दिया तो सपा के नेताओं ने अवैध कब्जे का विरोध करने वाले लोगों पर सपा शासन के द्वारा विभिन्न तरीके से दबाव बनाना शुरू कर दिया था तब मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी के जनरल सेक्रेटरी दिलशाद अली खान ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में कब्रिस्तानों एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे हटवाने के उद्देश्य से जनहित याचिका फरवरी 2014 में डाली जिसका निस्तारण माननीय डॉक्टर डी०बाई०चंद्रचूड़ मुख्य न्यायाधीश ,माननीय दिलीप गुप्ता न्यायाधीश की संयुक्त पीठने दिनांक 12 मार्च 2014 को निस्तारित करते हुए निर्देश दिया कि कब्रिस्तान एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा ,अतिक्रमण है तो उसे शासकीय आदेश अप्रैल 2012 के अनुपालन में हटाया जाए। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की भूमियों पर से अवैध कब्जे व अतिक्रमणों को 20 सितंबर 2014 में हटवाये गए थे और यह प्रकरण तब शांत हो गया था, लेकिन अब अब्दुल पुत्र मूवीन, असलम पुत्र सुलेमान द्वारा कब्रिस्तान और ग्राम समाज की भूमि पर दोबारा से अवैध कब्जे करके दुकान और कबाड़ेकी दुकान बना ली है जिससे माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की धज्जियां उक्त भूमाफियाओं ने उड़ाई है। मोहर्रम मेला इंतजामिया कमेटी के लोगों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के विपरीत कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करके बनाई गई दुकान एवं कबाडे की दुकान को जनहित में हटवाया जाए।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गुजरात की नजर शीर्ष स्थान पर

**अहमदाबाद, वार्ता।** प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी गुजरात टाइटन्स गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत दर्ज कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत करने मैदान में उतरेगी। वहीं क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊ लीग सत्र का सकारात्मक अंत करना चाहेगी।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस ने पिछले छह मैचों में पांच जीत दर्ज करते हुए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल के इस सत्र में गिल और साई सुदर्शन ने 12 पारियों में 76-3 की औसत से कुल 839 रन बनाए हैं। वह आईपीएल इतिहास में एक सत्र में किसी भी जोड़ी द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रनों (939) के रिकॉर्ड को तोड़ने से महज 100 रन दूर है। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को दिखाती है। बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर खेलते हुए जॉस बटलर ने ओपनिंग और मध्यक्रम में

**सत्र का सकारात्मक अंत करने उतरेगा लखनऊ**

खेलते हुए 11 पारियों में 71-4 की औसत और 164 के स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए हैं। दूसरी ओर ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ ने निराशाजनक सीजन का सामना किया है। पंत ने पूरे सत्र की 11 पारियों में 12-3 की औसत से मात्र 135 रन बनाए हैं। मैच जीतने के लिए उनका फॉम हासिल करना जरुरी है। एडन मारक्रम और मिशेल मार्श के बीच 115 रनों की जुझारू साझेदारी के बावजूद टीम खराब गेंदबाजी और सामरिक चूक के कारण प्रतिस्पर्धी स्कोर का बचाव करने में विफल रही। लखनऊ का मध्य क्रम दबाव में लड़खड़ता रहा है। निक. ोलस पूरन और आयुष बड़ोनी ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उसने में निरंतरता की कमी रही। लखनऊ ने इस सत्र अपने तीन शीर्ष विदेशी बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा किया और शुरुआत में उन्हें इसका लाभ हुआ। एडन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने 400 रनों का आंकड़ा पार किया है। आकाश दीप, आवेश खान और रवि बिश्नोई सहित गें. दबाज महत्वपूर्ण मौकों पर सफलता दिलाने में विफल रहे हैं। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को रेखांकित करती है। गुजरात की गेंदबाजी इकाई चरम पर है। दिलचस्प बात यह है कि वे अधिकतर ओवर पावरप्ले के बाहर फेंकते हैं,अरशद खान और राशिद खान प्रभावी रहे हैं, जबकि अनुभवी कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज ने गहराई और नियंत्रण जोड़ा है। प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

# भारत को 24 मई को मिल सकता है नया टेस्ट कप्तान

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान कौन होगा। भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है और इसके लिए अगले कुछ दिनों में टीम घोषित हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार को चयन समिति की बैठक होगी जिसके बाद प्रेस कान्फ्रेंस भी हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय टीम का एलान शनिवार को दोपहर 12 बजे हो सकता है। टेस्ट कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और ऋषभ पंत आगे चल रहे हैं। हालांकि, ऐसी भी खबरें आई थी कि बुमराह ने खुद को दावेदारी से अलग कर लिया है और अब गिल तथा पंत कप्तानी की दौड़ में हैं। कार्यभार प्रबंधन के चलते बुमराह का पांचों टेस्ट में खेलना मुश्किल है। स्काई स्पोर्ट्स की रिपोर्ट में बताया गया था कि एक चयनकर्ता गिल को कप्तानी सौंपने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उनका मानना है कि गिल ने अभी तक टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं की है। यह सुझाव दिया गया कि उपकप्तान बनाना इस समय 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए बेहतर होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र की शुरुआत करेगी। इस सीरीज में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट को. हली नहीं होंगे क्योंकि इन तीनों ने टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारत ए टीम का एलान किया था। इसके लिए करुण नायर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह मिली थी, जबकि दूसरे टेस्ट के लिए गिल और साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया था। माना जा रहा है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को भी जगह मिल सकती है।

## रोहित-कोहली के बगैर भारत के लिए कठिन रहेगा इंग्लैंड दौरा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है। भारतीय टीम इस दौरे पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ियों के बिना जाएगी जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इसे लेकर अब भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने अपनी राय रखी है और उनका कहना है कि भारत के लिए यह दौरा कठिन रहेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच यह सीरीज 20 जून से शुरू हो रही है। भारत इसके साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरुआत करेगा। राठौड़ ने कहा, यह दौरा कठिन होगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा। इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा। लेकिन युवाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने का भी मौका मिलेगा। राठौड़ ने कहा, ये तीनों दिग्गज क्रिकेटर थे जो संन्यास ले चुके हैं। मैं चाहता था कि वे खेलते रहें लेकिन ये निजी फैसला है। मैं उन तीनों के करीब हूं। उन्होंने यह फैसला लिया है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए। राजस्थान रायल्स के बल्लेबाजी कोच राठौड़ ने 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की जिसने सीएसके के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ समय से उसके साथ काम कर रहे हैं। शायद तीन चार महीने से। दबाव के हालात में उसे इस तरह खेलते देखना शानदार है।

# एचएस प्रणॉय व किदांबी मलेशिया मास्टर्स के अगले दौर में, सिंधु बाहर



एचएस प्रणॉय



पीवी सिंधु

**महिला एक वर्ग मुकाबले में वियतनाम की खिलाड़ी गुयेन थुई ने मैच पर पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21 व 21-15 से हराया**

**मलेशिया, वार्ता।** एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को पुरुष वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्जकर मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। वही भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से हारकर महिला एकल वर्ग से बाहर हो गईं। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले पाए मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को शुरुआती गेम में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन करते हुए वह मैच को तीसरे गेम तक ले जाने में कामयाब रहीं।

एक घंटे तीन मिनट तक चले महिला एकल वर्ग मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह ने आखिरी गेम पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21, 21-15 से हराकर मैच जीत लिया। पीवी सिंधु के खिलाफ चार मैचों में गुयेन थुई लिन्ह की यह दूसरी जीत है। भारत के पुरुष खिलाड़ियों का कोर्ट पर अच्छा दिन रहा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो को मात दी। पहला गेम हारने के बावजूद एचएस प्रणॉय ने अगले दो गेम में वापसी करते हुए केंटा निशिमोटो को मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। एक अन्य मैच में किदांबी श्रीकांत ने भी चीन के लू गुआंगजू को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। पुरुष एकल रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी और छठे वरीय लू गुआंगजू को 23-21,13-21, 21-11 से हराया। सतीश करुणाकरण ने भी चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन को 21-13, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लविशा का भारतीय वॉलीबॉल टीम में प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

**उदयपुर, वार्ता।** राजस्थान में उदयपुर के सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा लविशा डाँगी का बालिका वर्ग के अन्डर-16 में भारतीय वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है। उप प्रधानाचार्य अनिल गोस्वामी ने बताया कि उदयपुर से इस शिविर के लिए चयनित होने वाली लविशा एकमात्र छात्रा है। समस्त देश से मात्र 20 खिलाड़ियों का चयन लविशा एवं विद्यालय ही नहीं, अपितु शहर के लिए भी गर्व का विषय है। वॉलीबॉल कोर्ट में सेंटर अटेकर की पोजीशन पर अपने खेल को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने वाली लविशा प्रतिदिन आठ घंटे की कघे मेहनत करती है।

### पाक ने बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषित

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए घोषित 16 सदस्यीय टीम में पूर्व कप्तान बाबर आजम, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को जगह नहीं दी है। चयनकर्ताओं ने बल्लेबाज सलमान अली आगा को टीम का कप्तान,ऑलराउंडर शादाब खान को उपकप्तान बनाया है इसके अलावा अनुभवी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह को भी टीम में शामिल किया गया है।

# शानदार पारी के बाद वैभव सूर्यवंशी ने छुए महेन्द्र सिंह धोनी के पैर



**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रायल्स के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने महेंद्र सिंह धोनी के पैर छुए और आशीर्वाद के साथ आईपीएल 2025 सीजन का समापन किया।

राजस्थान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच मंगलवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला हुआ। राजस्थान का इस सीजन यह आखिरी मुकाबला था और 14 साल

**वैभव ने आशीर्वाद के साथ आईपीएल का समापन किया**

के वैभव इस मैच में भी अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। मैच के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से मिल रहे थे, तब धोनी और वैभव का सामना हुआ और इस युवा बल्लेबाज ने माही के पैर छुए। धोनी हालांकि उन्हें रोकते नजर आए। वैभव आईपीएल में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपने पहले ही सीजन में काफी सुर्खियां बटोरी। वैभव को इस सीजन सात मैचों में खेलने का मौका मिला और उन्होंने 206.56 के स्ट्राइक रेट और 36 के औसत से 252 रन बनाए। राजस्थान ने मेगा नीलामी में वैभव को खरीदा था और यह बल्लेबाज टीम की उम्मीदों पर खरा उतरा। हालांकि, राजस्थान की टीम प्लेआफ में जगह नहीं बना सकी और उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन की 90+ रनों की साझेदारी के दम पर राजस्थान रायल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। इस मुक. ाबले में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 187 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 17.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर 188 रन बनाए और टूर्नामेंट की चौथी जीत दर्ज की।

# पीकेएल: जयवीर गुजरात के मुख्य कोच बने

**वरिंदर सिंह संधु टीम का सहायक कोच नियुक्त किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात जायंट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 के लिए 31 मई और एक जून को होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी से पहले बुधवार को कोचिंग सदस्यों में बदलाव करते हुए दिग्गज जयवीर शर्मा को मुख्य कोच और वरिंदर सिंह संधू को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया।

अडानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स ने नए सीजन से पहले रणनीतिक बदलाव करते हुए यह नियुक्तियां की है। जयवीर भारतीय कबड्डी में सबसे सम्मानित हस्तियों में से एक हैं। वह 1992 से भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ काम कर रहे हैं, कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों के करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में, भारतीय टीम ने एशियाई खेलों, कबड्डी विश्व कप और कई मार्की कबड्डी चैंपियनशिप सहित प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में स्वर्ण पदक जीता है। गुजरात जायंट्स का मुख्य कोच बनाये जाने पर जयवीर ने कहा कि मैं गुजरात जायंट्स में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। मैं टीम को भीतर से निडर बनाने को उत्सुक हूं, हमारा उद्देश्य टीम को पीकेएल में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनाना है। मुझ पर भरोसा रखने और यह रोमांचक अवसर देने के लिए मैं अडानी स्पोर्ट्सलाइन का आभारी हूं। मैं पीकेएल नीलामी और एक मजबूत, प्रतिस्पर्धी टीम बनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। सहायक कोच बनाये जाने पर वरिंदर ने कहा कि मैं गुजरात के परिवार में शामिल होने के लिए वास्तव में उत्साहित हूँ। दुनिया की सबसे बड़ी कबड्डी लीग में से एक का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय अवसर है। मैं पहली बार खिलाड़ियों की नीलामी का अनुभव और नए सत्र के लिए एक ठोस टीम बनाने के लिए उत्सुक हूँ। नए कोचिंग सदस्यों का स्वागत करते हुए अदानी स्पोर्ट्सलाइन के चीफ बिजनेस ऑफिसर संजय अडेसरा ने कहा कि जयवीर शर्मा और वरिंदर का गुजरात टीम में स्वागत करते है।

## पीकेएल नीलामी में रिकॉर्ड 10 बांग्लादेशी खिलाड़ी शामिल

**बांग्लादेश कबड्डी महासभा ने 20 मई की समय सीमा से पहले खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत किया**

**ढाका, वार्ता।** भारत के मुम्बई में 31 मई और एक जून को होने वाली प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की नीलामी के लिए बांग्लादेश के 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

प्रो कबड्डी लीग का नया सीजन अगस्त 2025 में शुरू होगा और लीग में रिकार्ड 10 खिलाड़ियों का शामिल होना बांग्लादेश का कबड्डी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बांग्लादेश कबड्डी महासंघ ने 20 मई की समय सीमा से पहले 10 खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत कर दिया है। महासंघ के अनुसार, पीकेएल नीलामी में विचार के लिए प्रस्तुत बांग्लादेशी खिलाड़ियों की यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है। चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं:- **मिजानुर रहमान, लिटन अली, आरिफ रब्बानी, रसेल हसन, राजीब अहमद, रोमन हुसैन, दीपायोन गोल्डार, मोनिरुल चौधरी, अल अमीन और शाह मोहम्मद शाहन।** पीकेएल नीलामी के लिए मांगे गए खिलाड़ियों की संख्या के मामले में बांग्लादेश, ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। महासंघ के महासचिव एसएम नेवाज शोहाग ने कहा कि इस साल की शुरुआत में छह बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने नेपाल फ्रेंचाइजी कबड्डी लीग में भाग लिया था।

# रेणुकाचार्य-दीक्षा ने तैराकी में जीते स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमनी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने बुधवार को खेलो इंडिया बीच गेम्स की पुरुष और महिला वर्ग की 10 किमी खुले पानी की समुद्री तैराकी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। यहां कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमानी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने अरब सागर में आयोजित 10 किमी ओपन स्पर्धाओं में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। रेणुकाचार्य ने दो घंटे नौ मिनट और 40 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पश्चिम बंगाल के प्रत्यय भटाचार्य ने दो घंटे 12 मिनट 31 सेकेंड के समय के साथ रजत तथा महाराष्ट्र के चैतन्य लशदे ने दो घंटे 13 मिनट 14 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं महिला वर्ग में दीक्षा ने दो घंटे 18 मिनट और नौ सेकंड का समय लेकर शीर्ष स्थान, तमिलनाडु की अरन एमपी ने दो घंटे 33 मिनट 38 सेकेंड में रेस पूरी करते हुए रजत पदक तथा महाराष्ट्र की पूर्वा गावड़े ने दो घंटे 33 मिनट 52 सेकेंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक विजेता 17 वर्षीय रेणुकाचार्य ने सात साल की उम्र में तैराकी शुरू की थी, लेकिन तीन साल पहले ही उन्होंने ओपन वॉटर में कदम रखा।

## हरियाणा व दिल्ली ने मणिपुर को हराकर सेपक टकरा टीम वर्ग का स्वर्ण पदक जीता

**दीव, वार्ता।** हरियाणा और दिल्ली की महिला और पुरुष वर्ग की ट्रीयो टीम ने बुधवार को वर्षा बाधित फाइनल मुकाबले में पारंपरिक सेपक टकरा की मजबूत मणिपुर को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किये।

यहां घोघला बीच पर खेले पाए दोनों फाइनल में बारिश के कारण एक घंटे का ब्रेक रहा। महिलाओं के फाइनल में हरियाणा ने अनुभवी मणिपुर की टीम के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। मणिपुर को भारत में सेपक टकरा का गढ़ माना जाता है। कप्तान 20 वर्षीय मोनिका की अगुवाई में हरियाणा की महिला सेपक टकरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष सम्मान हासिल किया।

# पिकलबॉल में हाथ आजमा रहे कोहली-अनुष्का

**कार्तिक-दीपिका भी दिखे, आरसीबी ने साझा किया पोस्ट, आरसीबी का अब सनराजर्स हैदराबाद से सामना है होना**



**दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की जोड़ी पिकलबाल खेलती नजर आई। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के टीम बान्डिंग इवेंट में कोहली-अनुष्का की जोड़ी ने पिकल. बाल खेला और जोड़ीदार के तौर पर इसमें हिस्सा लिया। आरसीबी का अब सनराइजर्स हैदराबाद से सामना होना है और इस मैच से पहले टीम के सदस्यों ने पिकलबाल में हाथ आजमाया। पिकलबाल खेलने के लिए आरसीबी के खिलाड़ियों के अलावा सहायक स्टाफ और उनके परिवार के सदस्य भी आए। आरसीबी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसमें कोहली अंक हासिल करने के बाद अनुष्का को बधाई देते दिख रहे हैं। इन दोनों के अलावा आरसीबी के बल्लेबाजी मेंटर दिनेश कार्तिक और उनकी पत्नी दीपिका पल्लीकल भी मौजूद रहीं। दीपिका भारत की स्टार स्क्वाश खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबले से पहले आरसीबी ने सभी खिलाड़ियों और उनके परिवार को इस इवेंट के लिए बुलाया था। आरसीबी के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन काफी शानदार रहा है और टीम प्लेआफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। सनराइजर्स और आरसीबी के बीच मुकाबला बंगलूरू में होना था, लेकिन बारिश की संभावना को देखते हुए इसे लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इससे पहले उसका कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 17 मई को खेला गया मुकाबला बारिश में धुल गया था। आरसीबी और हैदराबाद के बीच आईपीएल 2025 का 65वां मुकाबला बंगलूरू में खेला जाना था, लेकिन अब इसे लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कराने का फैसला लिया गया है। आईपीएल ने बताया कि बंगलूरू में खराब मौसम को देखते हुए लखनऊ में इस मैच को स्थानांतरित करने का फैसला किया गया है। आरसीबी की टीम को बंगलूरू में बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।


## वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

**मुम्बई, वार्ता।** देशभर में मानसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 40 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है। इससे पहले केवल प्लेऑफ मैचों में दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाता है। लेकिन देश भर में मॉनसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब दो घंटे के अतिरिक्त समय के साथ पूरा 20 ओवर का मैच के लिए दोपहर होने वाले मैच को शाम 5-30 बजे तथा शाम को होने वाले मैच को 9-30 बजे रात तक शुरू किया जा सकता है।

# अभिव्यक्ति की आजादी

बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर की गई उनकी विवादित टिप्पणी के मामले में यह सशर्त अंतरिम जमानत दी है। प्रो. अली खान अशोका विवि. में राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रमुख हैं। उनको एक विवादित टिप्पणी को लेकर हरियाणा पुलिस ने रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। ध्यान रहे कि उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा था कि वह कर्नल सोफिया कुरैशी की प्रशंसा करते हैं और इतने सारे दक्षिणपंथी टिप्पणीकारों को देखकर बहुत खुश हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि शायद वह उतने ही जोर से यह भी मांग कर सकते हैं कि भीड़ द्वारा हत्या, मनमाने ढंग से बुल्डोजर कराने और भाजपा के नफरत फैलाने के शिकार अन्यों को भारतीय नागरिक के रूप में संरक्षित किया जाए। हरियाणा पुलिस के साथ-साथ हरियाणा राज्य महिला आयोग ने भी प्रोफेसर की इन टिप्पणियों की आलोचना की थी। आयोग ने उनकी टिप्पणियों को भारतीय सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों के प्रति अपमानजनक बताया, साथ ही आयोग का मानना था कि ये टिप्पणियां सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देने वाली हैं। प्रो. अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी भारतीय राजनीति में एक चर्चा का विषय भी बन गई। ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जिनका मानना है कि प्रो. ने अपनी टिप्पणियों में ऐसा कुछ भी नहीं कहा, जिससे लगे कि उन्होंने देश के विरुद्ध जाकर कोई काम किया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी प्रोफेसर की गिरफ्तारी और हिरासत से संबंधित मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेने हुए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का मानना है कि रिपोर्ट प्रथम दृष्टया इस बात का खुलासा करती है कि उक्त प्रोफेसर के मानवाधिकारों और स्वतंत्रता का उल्लंघन किया गया है। असल में यह एक चलन सा हो गया है, जो कोई भी सरकार के कामकाज को लेकर उसकी आलोचना करता है, उसको देश के प्रति आलो. चना मान लिया जाता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अभिव्यक्ति के नाम पर दी गई टिप्पणियों के विरुद्ध जो कार्रवाई होती है वह सिलेक्टिव होती है, जबकि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मध्य प्रदेश के दो मंत्रियों की बेहद निंदनीय टिप्पणी आई, जिसमें एक मंत्री महोदय कर्नल सोफिया को आतंकवादी की बहन तक बता रहे हैं, तो दूसरे मंत्री भारतीय सेना को प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में समर्पित होने की बात कह रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने मंत्री की टिप्पणियों को लेकर सख्त नारा. जगी जताई है। अभी तक कोई कार्रवाई तो दूर उनका त्यागपत्र भी नहीं लिया गया है। जबकि चारों ओर से यह मांग उठ रही है। कोर्ट के आदेश पर जो रिपोर्ट दर्ज भी हुई है, वह बेहद लचीली है, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई है। लोकतंत्र में कानून सभी के लिए समान होना चाहिए।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पीआर स्टंट



प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक पीआर स्टंट और ध्यान भटकाने की कोशिश है, सरकार ने अभी तक पहलगाम आतंकी हमले और चीन-पाकिस्तान जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया है, हम आतंकवाद, पाकिस्तान और चीन के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं, तो संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा, विपक्षी पार्टियां 22 अप्रैल से ऑल-पार्टी मीटिंग की मांग कर रही हैं, दो बैठकें तो हुईं, लेकिन पीएम उसमें शामिल नहीं हुए, इसके बाद पीएम को पत्र लिखकर संसद सत्र बुलाने की मांग की गई, पाक के आतंकवाद को समर्थन देने और उसके चीन से रणनीतिक रिश्तों को संसद में चर्चा का विषय बनाना चाहिए था, पर सरकार ने ध्यान हटाने के लिए जातीय जनगणना और अब ये विदेशी दौरे शुरू कर दिए हैं।

**-जयराम रमेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# विलुप्त होती प्रजातियां: जीवन के अस्तित्व पर संकट की दस्तक

**विश्व जैव विविधता दिवस पर विशेष**

मनुष्यों की ही भांति जीव-जंतु और पेड़-पौधे भी इस धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन विडंबना यह है कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों और तथाकथित विकास की दौड़ में इनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औद्योगीकरण और अनियंत्रित मानवीय गति. विधियों के चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास उजड़ चुके हैं और वनस्पतियों की कई प्रजातियां लगभग समाप्ति की कगार पर हैं। पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, अब असंतुलित होता जा रहा है। यह असंतुलन न केवल जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को प्रभावित कर रहा है बल्कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रृंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है।

वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में विस्तार से यह उल्लेख है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है।

लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं, लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंत. ुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसम्बर 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। दरअसल 22 मई 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस इस वर्ष 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' विषय के साथ मनाया जा रहा है।



पेड़-पौधों की संख्या पृथ्वी पर जिस तेज गति के साथ घट रही है, उसने न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ रहा है बल्कि अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों को उनके प्राकृतिक घरों से भी वंचित होना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप, अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों की स्पष्ट चेता. वनी है कि यदि अब भी इस संकट की अनदेखी की गई तो निकट भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न होगी कि न केवल पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी बल्कि अनेक पशु-पक्षी भी धरती से सदा के लिए मिट जाएंगे। माना कि विकास आवश्यक है लेकिन वह ऐसा हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखे। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में यह गंभीर चेतावनी दी गई है कि यदि विकास की दौड़ में जंगलों की कटाई और जीव-जंत. ुओं के आवासों का विनाश जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब मनुष्य स्वयं अपने अस्तित्व को खतरे में डाल देगा। तेजी से बढ़ती आबादी और शहरीकरण ने मनुष्य को इस हद तक स्वार्थी बना दिया है कि उसने यह तक भूलना शुरू कर दिया है कि उसका जीवन भी प्रकृति के सहारे ही संभव है। खेतों में कीटों को नियंत्रित करने वाले चिड़िया, तीतर, कौआ, गिद्ध, मोर जैसे पक्षी भी आज विलुप्ति के कगार पर हैं। यह पक्षी न केवल किसानों के मित्र माने जाते रहे हैं बल्कि जैव विविधता की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। धरती पर जीवन को सुचारु और संतुलित बनाए रखने में जैव विविधता की बहुत अहम भूमिका है, इसलिए यदि हम आज ही सजग नहीं हुए और इन दुर्लभ प्रजातियों तथा उनके प्राकृतिक निवास की रक्षा नहीं की तो आने वाले समय में न केवल पर्यावरणीय संकट और तेजी से गहराएगा बल्कि मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा। अब समय आ गया है कि हम विकास और संरक्षण के बीच संतुलन साधें।

**-अतुल गोयल**

## विश्व की प्रमुख संकटग्रस्त प्रजातियां

**सुमात्रा राइनो**- इंडोनेशिया में पाई जाने वाली यह गैंडे की प्रजाति विलुप्ति के कगार पर है।
**अमूर तेंदुआ**- रूस और चीन की सीमा पर पाई जाती है, केवल कुछ दर्जन बचे हैं।
**जावन राइनो**- जावा द्वीप में कुछ ही बचे हैं।
**सीगिंग गोरिल्ला**- अफ्रीका में पाई जाने वाली यह प्रजाति भी खतरे में है।
**वैक्सन डॉल्फिन (वाकिता)**- मेक्सिको के समुद्री क्षेत्र में पाई जाती है, केवल 10.20 के बीच बचे हैं।
**एशियाई चीता**- ईरान में पाई जाती है, गिने-चुने ही शेष हैं।
**गैंगेटिक डॉल्फिन**- भारत और नेपाल में पाई जाती है, संकट में है।
**ऑरंगुटान्स (बोर्नियो और सुमात्रा)**- जंगलों की कटाई से आबादी घट रही है।

## भारत की प्रमुख संकटग्रस्त प्रजातियां

भारत में भी कई वन्य प्रजातियां संकट के दौर से गुजर रही हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं-
**हिम तेंदुआ**- अत्यधिक ठंडे क्षेत्रों में पाई जाती है, इनकी संख्या घटती जा रही है।
**हाथी**- जंगलों के विनाश और मानव-पशु संघर्ष के कारण संकट में हैं।
**कस्तूरी मृग**- अवैध शिकार के कारण संकटग्रस्त।
**गंगा डॉल्फिन**- प्रदूषण और अवैध शिकार का शिकार।
**बंगाल बस्टर्ड**- घास के मैदानों के विनाश के कारण बहुत कम बचे हैं।
**लाल पांडा**- सीमित क्षेत्रों में पाया जाता है, आवास खतरे में हैं।
**वन बिल्ली**- राजस्थान, गुजरात आदि में पाई जाती है, विलुप्ति की ओर अग्रसर।

# गर्मी में सत्तू: स्वाद और सेहत का संगम

**गर्मी के मौसम में सत्तू केवल ठंडा और सेहतमंद पेय नहीं, बल्कि एक बहुपयोगी खाद्य सामग्री है जिससे कई स्वादिष्ट और पारंपरिक व्यंजन बनाए जा सकते हैं। चाहे लड्डू हो, शरबत या कचौरी सत्तू हर रूप में स्वाद और स्वास्थ्य दोनों का ख्याल रखता है। इस गर्मी, सत्तू को अपने आहार का हिस्सा बनाएं और स्वाद के साथ-साथ सेहत भी पाएं।**

गर्मियों की तेज लू और चिलचिलाती धूप से राहत पाने के लिए शरीर को ठंडक पहुंचाने वाले और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थ बेहद जरूरी हैं। ऐसा ही एक परंपरागत और चमत्कारी सुपरफूड है सत्तू। यह भुने हुए चने या जौ को पीसकर बनाया जाता है और सदियों से पंजाब, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बंगाल में इसका उपयोग किया जा रहा है।

सत्तू का सेवन गर्मी में शरीर को ठंडक देने, हाइड्रेट रखने और ऊर्जा बनाए रखने के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। सत्तू पाचन सुधारता है, पेट की जलन और अपच से राहत दिलाता है। इसे शरबत के रूप में ही नहीं, बल्कि कई स्वादिष्ट व्यंजनों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### सत्तू के लड्डू

**सामग्री**-
सत्तू- 250 ग्राम
बूरा या पिसी चीनी-200 ग्राम
घी-200 ग्राम
इलायची-7-8 (पाउडर बना लें)
काजू-20-25
बादाम-20-25
पिस्ता-10-12
**विधि**-कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें सत्तू डालकर धीमी आंच पर 5-6 मिनट तक भूनें। गैस बंद करके मिश्रण को अलग बर्तन में निकाल लें और ठंडा होने दें। काजू, बादाम और पिस्ता बारीक काट लें। ठंडे सत्तू में बूरा, इलायची पाउडर और कटे हुए मेवे मिलाएं। सब कुछ अच्छे से मिलाकर मनचाहे आकार के लड्डू बना लें और ऊपर से पिस्ते से सजाएं। स्वादिष्ट और पोषक सत्तू के लड्डू तैयार हैं।

### सत्तू का मीठा और नमकीन शर्बत

**मीठा सत्तू ड्रिंक**-
सामग्री-
चने का सत्तू-कप
पानी-1 कप
नींबू- 1
पिसी चीनी- 2 टेबल स्पून
काला नमक-टीस्पून
**विधि**- सत्तू में थोड़ा पानी डालकर गुठलियां खत्म होने तक घोलें, फिर बाकी पानी मिलाएं। उसमें नींबू का रस, पिसी चीनी और काला नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। ठंडा-ठंडा मीठा सत्तू शरबत तैयार है।

### नमकीन सत्तू ड्रिंक

**सामग्री**-
सत्तू-कप
पानी-1 कप
नींबू-1
काला नमक-टीस्पून
साधारण नमक-स्वादानुसार
भुना जीरा-टीस्पून
हरी मिर्च बारीक कटी-1
पुदीना- 6-7 पत्ते
**विधि**- सत्तू को थोड़े पानी में घोलें, फिर उसमें बाकी पानी डालें। अब इसमें नींबू रस, नमक, काला नमक, भुना जीरा, हरी मिर्च और पुदीना डालकर मिलाएं। ठंडा कर सर्व करें। यह ड्रिंक शरीर को ठंडक और ताजगी से भर देता है।

### सत्तू की कचौरी

सामग्री- आटा गूंधने के लिए- गेहूं का आटा-2 कप, तेल-4 टेबल स्पून, नमक-स्वादानुसार, पिट्ठी (भरावन) के लिए-सत्तू-150 ग्राम, घी-3-4 टेबल स्पून
हींग-2 पिंच, जीरा- टीस्पून, धनिया पाउडर-1 टीस्पून, सौंफ पाउडर-1 टीस्पून, हरी मिर्च-2 (बारीक कटी), अदरक-1 इंच (कद्दूकस किया हुआ), लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, अमचूर- प्रत्येक-टीस्पून, हरा धनिया-1 टेबल स्पून (कटा हुआ), नमक- स्वादानुसार
**विधि**-
सबसे पहले आटे में तेल और नमक मिलाकर नरम आटा गूंध लें और ढककर 20 मिनट के लिए रख दें। पिठी के लिए कढ़ाई में घी गर्म करके उसमें हींग और जीरा तड़काएं। फिर अदरक, हरी मिर्च, सत्तू, सौंफ और धनिया पाउडर डालें और हल्का भूनें। अब बाकी मसाले और नमक मिलाकर मिश्रण ठंडा करें। आटे की छोटी लोइयां बनाएं, बीच में पिट्ठी भरें और कचौरी का आकार दें। बेलकर गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें। गरमागरम कचौरी को हरी धनिया की चटनी या आम के अचार के साथ परोसें।

# विकास उड़ गया आंधी में



**निर्मल रानी**

दिल्ली-एनसीआर को गत दिनों तेज आंधी, बारिश व तूफान का सामना करना पड़ा। इस तेज आंधी में नई दिल्ली स्टेशन के करीब नबी करीम क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई, जिसमें दब जाने से 3 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए, जबकि कई जगहों पर पेड़ उखड़ने का भी समाचार है परन्तु शायद इस आंधी का सबसे अधिक प्रकोप न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन को झेलना पड़ा। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेलवे ट्रांजिट सिस्टम के बीच आने वाले इस स्टेशन के एक बड़े हिस्से की छत ही तेज हवा के चलते उड़ गई।

छत की कई टीन नीचे सड़क पर जा गिरी तो कई हवा में लटकने लगीं। गौरतलब है कि अभी करीब चार माह पूर्व ही 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली-मेरठ रेपिड रेलवे ट्रांजिट सिस्टम के 13 किलोमीटर लंबे जिस सेक्शन का उद्घाटन किया था, न्यू अशोक नगर स्टेशन भी उसी सेक्शन के बीच आने वाला एक प्रमुख स्टेशन है और यह नवनिर्मित स्टेशन आंधी-तूफान का एक झटका भी नहीं झेल पाया। दिल्ली के न्यू अशोक नगर को उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से जोड़ने वाली इस परियोजना में 4,600 करोड़ रुपए की लागत आई है। न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन पर हुए इस हादसे के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत नमो भारत ट्रेन की सेवाओं के आवागमन को अगले आदेश तक स्थगित करना पड़ा था। इस हादसे के बाद एक बार फिर स्टेशन की छत के निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्न उठने लगे हैं। यहां एक बात यह भी काबिले गौर है न केवल प्रधानमंत्री नई ट्रेन को झंडी दिखा कर रवाना करते हैं बल्कि पुल,हाईवे एक्प्रेसवे के छोटे से नवनिर्मित हिस्से जैसी परियोजनाओं का भी वे स्वयं उद्घाटन करते हैं बल्कि ऐसे अवसरों पर प्राय: कांग्रेस की सरकार को कोसने और अपनी पीठ थपथपाने से भी नहीं चूकते। मिसाल के तौर पर गत वर्ष द्वारका एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के समय प्रधानमंत्री ने तंज करते हुए कहा था कि कांग्रेस ने 7 दशक तक जो गड्ढे खोदे थे वे अब तेजी से भरे जा रहे हैं। उसी समय उन्होंने यह भी कहा था कि मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को विकसित भारत के रूप में देखना है। परन्तु उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझे हर परियोजना का निर्माण टिकाऊ व मजबूत भी चाहिए। याद कीजिए 16 जुलाई को प्रधानमंत्री ने जिला जालौन के कैथेरी में पूरे प्रचार-प्रसार के साथ जिस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया था वह एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के केवल 5 दिन बाद ही जगह-जगह से धंस गया था और उसमें कई जगह बड़े बड़े गड्ढे पड़ गए थे। जिसके कारण कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर इटावा के कुद. रेल में मिलने वाले इस बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण पर करीब 14 हजार करोड़ की लागत आई थी। इसके एक वर्ष बाद फिर इसी एक्सप्रेस वे पर पुन: चित्रकूट को जाने वाली लेन पर करीब एक दर्जन गड्ढे हो गए थे। इन गड्ढों में पानी भरने से एक्सप्रेस वे से निकलने वाले कई वाहनों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ा था। उस समय भी मीडिया में इस परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए गए थे और काफी घटिया निर्माण के चलते सरकार की काफी फजीहत हुई थी। जाहिर है यह गड्ढे कांग्रेस के समय के नहीं थे। इसी तरह देश के सबसे लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर दौसा



जिले के भांडारेज के पास पर भारी वाहन गुजरने से सड़क धंस गई, जिससे बड़ा गड्डा हो गया था। इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया गया था। यहां भांडारेज टोल के पास भारी वाहन गुजरने मात्र से सड़क धंस गई थी जिससे सड़क के बीचों-बीच 15 फुट गहरा गड्ढा हो गया था । इस एक्सप्रेस वे पर गड्ढे होने के बाद इसमें भी घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल तथा लापरवाही का आरोप लगा था। इस परियोजना के निर्माण पर भी लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की लागत आई थी। 12 फरवरी 2023 को इस का भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही उद्घाटन किया था और उद्घाटन करते हुए इसे भी देश की आधारभूत संरचना का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया था, लेकिन उद्घाटन के कुछ ही महीनों में बारिश ने इस उत्कृष्ट निर्माण की वास्तविकता को उजागर कर दिया था। इस तरह के दर्जनों ऐसे उदाहरण हैं जो या तो निर्माण के समय ही ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो गए या उद्घाटन के कुछ समय बाद ही उनकी असलियत उजागर हो गई। अभी गत वर्ष बिहार में इसतरह एक के बाद एक कई बड़े पुल ढह गए। गत वर्ष अयोध्या नगरी में कई जगह सड़कें धंस गईं। चंडीगढ़ से राजस्था को जाने वाला अंबाला से होकर गुजरने वाला हाइवे अपने निर्माण के कुछ ही समय बाद क्षतिग्रस्त हो गया था। इसपर बने कई पुल भारी वहां गुजरने पर आज भी थरथर हिलते हैं। यह सारे गड्ढे विक. सित राष्ट्र के मार्ग में पड़ने वाले गड्ढे हैं जिनकी जिम्मेदारी न ही कांग्रेस की है न ही पंडित नेहरू की। सवाल यह है कि इस तरह के घटिया निर्माण के पीछे का रहस्य आखिर क्या है? कौन हैं इन कंपनीज के मालिक जो जनता के टैक्स के पैसों की इस तरह खुलकर लूट करते हैं? जनधन की लूट खसोट का यह सिलसिला आखिर कभी खत्म भी होगा या नहीं?

इन लुटेरी निर्माण कंपनियों को किसकी शह मिली हुई है? क्या वजह है कि जिन मुगलों को विदेशी व आक्रांता बताकर दिन रात वोट बटोरने की राजनीति की जाती है उनके समय के बनाए हुए हजारों निर्माण आज भी पूरी मजबूती के साथ अपना सिर बुलंद किए खड़े हैं। इसी तरह अंग्रेजों के शासनकाल के अनेक महत्वपूर्ण निर्माण आज तक क्षतिग्रस्त नहीं हुए। उदाहरणार्थ 18 जनवरी 1927 को तत्कालीन गवर्नर-जनरल लॉर्ड इरविन द्वारा उद्घाटित व ब्रिटिश वास्तुकारों एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बेकर द्वारा डिजाइन किए गए पुराने संसद भवन का आज तक बाल भी बांका नहीं हुआ जबकि सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत बना नया संसद भवन जिसका उद्घाटन 28 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था उसमें पहली बारिश के दौरान ही पानी टपकने लगा था। निश्चित रूप से यह इस भवन की गुणवत्ता या निर्माण में कमी के कारण ही था। इससे नए संसद भवन की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची थी। परन्तु आश्चर्य है कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस व विकास का हर वक्त ढिंढोरा पीटने वाली सरकार का विकास कहीं गड्ढों में घुसा जा रहा है तो कहीं आंधी में उड़ा जा रहा है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाकिस्तान में स्कूल बस पर विद्रोहियों का हमला, पांच की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में बुधवार को विद्रोहियों ने एक स्कूल बस पर हमला किया, हमले में तीन छात्रों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस बीच पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने 'स्कूल जाने वाले निर्दोष बच्चों' पर विद्रोहियों के इस हमले की कड़ी निंदा की और हमले के 'योजनाकारों, उकसाने वालों और इसे अंजाम' देने वालों का पता लगाकर उन्हें न्याय के कटघरे में खड़ा करने का संकल्प जताया। खुजदार के उपायुक्त यासिर इकबाल दश्ती ने बताया कि जिले के जीरो पॉइंट इलाके में स्कूल बस के पास एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट किया। हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और छात्रों

**खुजदार के उपायुक्त यासिर इकबाल दश्ती ने बताया जिले के जीरो पॉइंट इलाके में स्कूल बस के पास एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट किया**

और कर्मचारियों सहित अन्य 40 घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि शक्तिशाली विस्फोट के बाद बस के परखच्चे उड़ गए। विस्फोट की सूचना मिलने के बाद बचाव दल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां घटनास्थल पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया है। पुलिस ने समूचे इलाके की घेराबंदी कर दोषियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अभी तक किसी संगठन ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।



**नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर वीर भूमि पर पुष्पांजलि अर्पित करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

## पाकिस्तान-भारत के बीच मतभेदों को सुलझाने का स्वागत: चीन

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कहा है कि चीन पाकिस्तान और भारत द्वारा बातचीत के माध्यम से अपने मतभेदों को ठीक से निपटाने, व्यापक और स्थाई युद्धविराम हासिल करने और मौलिक समाधान तलाशने का स्वागत करता है और उसका समर्थन करता है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ बातचीत करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह दोनों पक्षों के मौलिक और दीर्घकालिक हितों के अनुरूप है, जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए अनुकूल है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आम अपेक्षा के अनुरूप भी है। वांग ने कहा कि चीन और पाकिस्तान ने पारंपरिक मित्रता को मजबूत करने, पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को मजबूत करने और चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने पर घनिष्ठ रणनी. तिक संचार बनाए रखा है, जो द्विपक्षीय संबंधों के उच्च स्तर को दर्शाता है।

## प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृहमंत्री का घर जलाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने घर की सुरक्षा में तैनात गाड्र्स को भी पीटा। रिपोर्ट के मुताबिक सिंध के नौशेहरो फिरोज जिले में पुलिस और एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। इसमें कम से कम 2 लोगों की मौत हो गई।

इसके अलावा दोनों तरफ के कई लोग भी घायल हो गए। पाकिस्तान सरकार की योजना सिंध नदी पर नहर बनाने की है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि सरकार उनकी जमीन और पानी छीन रही है। जब प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके तनाव बढ़ गया। नाराज होकर लोगों ने सिंध के गृह मंत्री के घर पर हमला कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने कुछ ट्रकों को लूट

**सिंधु नदी का पानी डायवर्ट करने की स्कीम के खिलाफ प्रदर्शन, इसी दौरान भड़की हिंसा**


लिया और उनमें से कुछ को आग लगा दी। पाकिस्तानी वेबसाइट जियो टीवी के मुताबिक सरकार की योजना सिंध नदीं पर नहरें बनाकर चोलिस्तान में हजारों एकड़ बंजर जमीन पर खेती करने की है। इसकी लागत करीब 211 अरब रुपये (63 अरब) है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी इसके खिलाफ है। उनका कहना है कि सिंध को इससे नुकसान होगा और उनका पानी छीन लिया जाएगा। कुछ हफ्ते पहले एक समिति (काउंसिल ऑफ कामन इंटरेस्ट-सीसीआई) ने भी इस प्रोजेक्ट को खारिज कर दिया था। उनका कहना था कि जब तक सभी राज्यों (प्रांतों) की आपसी सहमति नहीं होगी, तब तक कोई नई नहर नहीं बनेगी।

# पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन

### विदेश मंत्रियों की बैठक में सहमति बनी, चर्चित सीपीईसी प्रोजेक्ट पर भारत अपित्त जता चुका है

**बीजिंग।** चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों की बुधवार को बीजिंग में हुई बैठक में चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सीपीईसी) का अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर सहमति बनी है।

पाकिस्तान के फारेन आफिस (पीएफओ) ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। चीन के शिंजियांग से पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर पोर्ट तक बनने वाला यह कारिडोर अफगानिस्तान तक जाएगा। इस कारिडोर से चीन की प्लानिंग मिडिल-ईस्ट के देशों से सड़क कनेक्टिविटी बनाना है। सीपीईसी का विस्तार पाकिस्तान से अफगानिस्तान में कहां-कहां होगा, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है।



पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, चीन के विदेश मंत्री वांग ई और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विद. ेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने आज बीजिंग में बैठक की। बैठक में तीनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग को जरूरी माना। इसके साथ ही डिप्लोमैटिक कोआ. परेशन आगे बढ़ाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने पर चर्चा की। चाइना-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना है। इसकी शुरुआत 2013 में की गई थी। इसमें चीन के शिंजियांग प्रांत से पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट तक 60 बिलियन डॉलर (करीब 5 लाख करोड़ रुपये) की लागत से आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। इसके जरिए चीन की अरब सागर तक पहुंच हो जाएगी। सीपीईसी के तहत चीन सड़क, बंदरगाह, रेलवे और ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। 50 बिलियन डॉलर की लागत वाला सीपीईसी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौजूद ग्वादर पोर्ट और चीन के शिंजियांग को जोड़ेगा। सीपीईसी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान इलाके से भी गुजरता है, जिस पर भारत का दावा है। भारत का मानना है कि सीपीईसी के जरिए चीन विस्तारवाद की नीति पर चल रहा है और भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है।

## लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा के घायल होने की चर्चा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का को-फाउंडर आमिर हमजा एक हादसे में घायल हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसे उसे पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई की सुरक्षा में लाहौर के एक मिलिट्री हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घर में हुए एक हादसे में उसे चोट लग गई थी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए ले जाया गया। वहीं, कुछ सोशल मीडिया पोस्ट्स में यह दावा किया गया है कि आमिर हमजा पर हमला हुआ है और उसे गोली मारी गई है।

हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। 2 दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा और जमात का आतंकवादी रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह के मारे जाने की जानकारी आई थी। आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में

**पाकिस्तान के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती, हाफिज सईद का करीबी, 2014 में ग्लोबल टेररिस्ट घोषित**

शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चौरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था। हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था।

## ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक पर समर्थन के लिए रिपब्लिकन सांसदों से की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक का समर्थन करने के लिए रिपब्लिकन सांसदों से अपील की है। ट्रम्प कैपिटल हिल गए और अपनी पार्टी के सांसदों से व्यक्तिगत रूप से कर कटौती और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम में बदलावों वाले विधेयक का समर्थन करने की अपील की। कुछ सदस्य अब भी संशय में हैं। वहीं, ज्यादा खर्च कटौती की मांग कर रहे कट्टरपंथी नेताओं को उदारवादी रिपब्लिकनों से कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है। राष्ट्रपति का उद्देश्य अपने विधेयक के लिए समर्थन जुटाना था, जिसे वह एक बड़ी और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखते हैं। उल्लेखनीय है कि यह विधेयक वर्ष 2017 के ट्रम्प टैक्स कटौती को आगे बढ़ाएगा, टिप्स और ओवरटाइम काम पर कोई टैक्स नहीं लगाएगा, तथा मेडिकेड कवरेज और खाद्य सहायता कार्यक्रमों में कटौती करेगा।

## अमेरिका के लिए नया डिफेंस सिस्टम बनवा रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** इजरायली के आयरन डोम की तरह अमेरिका भी खुद का डिफेंस सिस्टम गोल्डन डोम बनाने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगवलार को इसका ऐलान करते हुए कहा कि इसके लिए एक डिजाइन भी चुन लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि गोल्डन डोम उनके कार्यकाल के आखिर तक चालू हो जाएगा।

एक बार तैयार होने पर यह मिसाइलों को रो. कने में सक्षम होगा। भले ही उन्हें दुनिया के किसी भी हिस्से से लान्च किया जाए। ट्रम्प ने दावा किया कि गोल्डन डोम अंतरिक्ष से हुए हमलों को भी रोकने के काबिल होगा। स्पेस, जमीन और

**गोल्डन डोम स्पेस से होने वाले हमले भी रोकेगा, इजरायली आयरन डोम से ज्यादा मजबूत होगा**

समुद्र तीनों जगहों से होगी हिफाजत ट्रम्प का कहना है कि अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम में पिछले 40 साल से कोई बदलाव नहीं हुआ है। दुनिया में कई एडवांस तकनीक से लैस मिसाइलें बन रही हैं। अभी का डिफेंस सिस्टम ऐसे खतरों का मुकाबला करने के काबिल नहीं है। दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने इससे जुड़े एक कार्यकारी आदेश पर दस्तखत भी किया था। उन्होंने पेंटागन को अमेरिकी मिसाइल रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 'नेक्स्ट जेनेरेशन मिसाइल डिफेंस सिस्टम' तैयार करने का आदेश दिया, ताकि चीन, रूस, उत्तर कोरिया या फिर किसी और देश से आने वाले बैलिस्टिक मिसाइल को रोका जा सके। गोल्डन डोम को अंतरिक्ष, जमीन और समुद्र, तीनों जगहों से काम करने के लिए डिजाइन किया जा रहा है। इसमें ऐसी तकनीक होगी जो दुश्मन की मिसाइल को लान्च होते ही पकड़ लेगी और रास्ते में ही उसे तबाह कर देंगी। इजरायली ने 2011 से मिसाइलें रोकने के लिए सिस्टम इस्तेमाल किया है।

## टेस्ला का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं मस्क

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि वह अगले पांच वर्षों तक टेस्ला ऑटोमोटिव कंपनी का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में राजनी. तिक खर्च में कटौती करेंगे।

'ब्लूमबर्ग न्यूज' की जारी रिपोर्ट के अनुसार, कतर की राजधानी दोहा में आर्थिक मंच पर मस्क ने कहा कि उन्हें टेस्ला में 'कुछ अद्‌भुत' काम के लिए उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने डेलावेयर न्यायाधीश की आलोचना की, जिन्होंने 2018 में कंपनी की ओर से उन्हें दिए गए बड़े वेतन पैकेज के खिलाफ दो बार फैसला सुनाया और दोहराया कि वह धन के बजाय अधिकार के कारणों से टेस्ला के अधिक शेयर रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह पैसे की बात

**यह कंपनी के भविष्य पर एक उचित नियंत्रण की बात है: मस्क**

नहीं है। यह कंपनी के भविष्य पर एक उचित नियंत्रण की बात है। उद्योगपति ने कहा कि वह भविष्य में राजनीति पर अब कम खर्च करेंगे क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्होंने इस पर काफी खर्च कर लिया है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे भविष्य में राजनीतिक खर्च करने का कोई कारण दिखाई देता है, तो मैं ऐसा करूंगा। मस्क ने वर्ष 2008 से टेस्ला कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिक. ारी (सीईओ) हैं।

# राजनीति पर भविष्य में काफी कम खर्च करेंगे एलन मस्क



**दोहा।** अमेरिका के प्रमुख उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि वह भविष्य में राजनीति पर पहले से काफी कम खर्च करेंगे।

ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव अभियान और अन्य रिपब्लिक उम्मीदवारों को समर्थन देने के लिए 30 करोड़ से अधिक डॉलर खर्च करने के बाद मस्क ने दोहा की राजधानी कतर में एक आर्थिक मंच पर कहा कि मैं भविष्य में राजनीति पर पहले के मुकाबले काफी कम खर्च करूंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि इस बार, राजनी. ति पर मैंने ज्यादा ही खर्च कर दिया है। मस्क ने हालांकि भविष्य में राजनीतिक चंदा देने से पूरी तरह से इन्कार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे भविष्य में राजनीति पर खर्च करने की कोई वजह दिखेगी, तो मैं जरूर करूंगा। ट्रंप के कट्टर समर्थक के रूप में उद्योगपति मस्क की भूमिका के कारण टेस्ला ऑटोमोटिव कंपनी को विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी बिक्री और शेयरों में गिरावट आई है। ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद से टेस्ला के शेयर में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, हालांकि मस्क के मंगलवार के बयान के बाद इसमें 3.3 प्रतिशत की हल्की बढ़त देखी गई।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor

## यूएई, इजरायल गाजा में तत्काल मानवीय सहायता शुरू करने पर सहमत: नाह्यान

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इजरायल ने यूएई से गाजा पट्टी तक तत्काल मानवीय सहायता फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाह्यान और इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने फोन में हुई बातचीत में यूएई से गाजा पट्टी तक तत्काल मानवीय सहायता आपूर्ति फिर से शुरू करने सहमति व्यक्त की है।

दोनों देशों के मंत्रियों के बीच हुई इस बातचीत के बाद यूएई विदेश मंत्रालय के यहां जारी एक बयान के मुताबिक यह सहायता शुरुआती चरण में गाजा पट्टी में लगभग 15,000 नागरिकों की खाद्य जरूरतों को पूरा करेगी। यूएई की मानवीय सहायता में बेकरी को चालू रखने के लिए आवश्यक आपूर्ति और शिशु देखभाल के लिए आवश्यक वस्तुएं शामिल होंगी। बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने मानवीय संघर्ष विराम को फिर से शुरू करने, युद्ध विराम सुनिश्चित करने और बंधकों की रिहाई के लिए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों पर भी चर्चा की। गौरतलब है कि इजरायल ने पिछले शुक्रवार को ऑपरेशन 'गिदोन रथ' के तहत गाजा पट्टी में फिर से हमला शुरू कर दिया था।

**गाजा पट्टी में लगभग 15000 नागरिकों की खाद्य जरूरतों को पूरा करेगी**

Recruitment For Teaching Staff
Assistant professor Law
Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)
Salary As per Govt. Norms
Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA COLLEGE OF LAW
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com